# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष : 13 | अंक : 32 | गौतमबुद्धनगर, सोमवार 01 जनवरी 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रूपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236




**P- 3**
नोएडा में मोबाइल लुटेरों से पुलिस की मुठभेड़



**P- 4**
मेरठ में राज्यमंत्री और विधायक के खिलाफ महापंचायत का ऐलान



**P- 5**
इजरायल ने किया नरसंहार, गाजा हमलों के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका ने



**P- 6**
न्यूजीलैंड ने तीसरे ट्वेंटी20 में बांग्लादेश को हराकर सीरीज में बराबरी

# आईईडी ब्लास्ट-चार पुलिसकर्मी घायल

## रविवार को क्रॉस फायरिंग हुई, 4 और जवान घायल

इंफाल। मणिपुर में हमलावरों ने शनिवार (30 दिसंबर) को सुरक्षा बलों के वाहन पर आईईडी से हमला कर दिया। इसमें 4 पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। फिलहाल उनका इलाज 5 असम राइफल्स कैंप में चल रहा है। इधर रविवार दोपहर में भी क्रॉस फायरिंग हुई है, जिसमें कुछ लोग घायल हो गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक रविवार शाम 3.30 बजे कुकी विद्रोहियों ने आरपीजी (रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड) का इस्तेमाल करके कमांडो कॉम्प्लेक्स पर हमला किया, जिसमें चार और जवान घायल हो गए।

इस फायरिंग में मोरेह पुलिस कॉम्प्लेक्स के फर्नीचर, दरवाजे और कुछ सामान को नुकसान पहुंचा। रविवार को ही मैतेई और कुकी क्षेत्रों से



कौट्रुक और कदंगबल क्षेत्रों में भी क्रॉस फायरिंग की खबरें सामने आई हैं। रविवार को इंफाल ईस्ट के ताबुंगखोक इलाके में दो समूहों के बीच गोलीबारी में एक विलेज वालंटियर घायल हो गया। जब गोलीबारी शुरू हुई तो सी लामयांबा को गांव की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इससे पहले, टेंग्नौपाल के

### दो बम विस्फोट हुए, फिर 400 राउंड गोलियां चलीं

पुलिस ने कहा कि मोरेह के वार्ड नंबर 9 के चिकिम वेंग में अज्ञात बंदूकधारियों ने मोरेह की कमांडो टीम पर गोलियां चलाईं और बम फेंके। यह घटना तब हुई जब मणिपुर पुलिस कमांडो इलाके में नियमित पेट्रोलिंग कर रहे थे। पुलिस ने कहा कि शुरुआत में दो बम विस्फोट हुए, इसके बाद 350 से 400 राउंड गोलियां चलीं।

मोरेह में शनिवार दोपहर 3: 30 बजे हुई थी। उपद्रवियों ने पुलिस को उस समय निशाना बनाया, जब वे मोरेह से की लोकेशन पॉइंट की ओर बढ़ रहे थे। घटना के बाद से इलाके में तनाव है।

### अनजान हमलावरों ने विलेज गार्ड की भी हत्या की

वहीं, इम्फाल वेस्ट जिले के कदंगबंद में हमलावरों ने एक विलेज गार्ड की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मरने वाला जेम्सबॉन्ड निंगोमबाम था। जो गांव की सुरक्षा में तैनात था।

मणिपुर के सीएम एन. बीरेन सिंह ने युवक की हत्या की निंदा की है। सीएम ने कहा- कुछ लोग राज्य में शांति भंग करने की कोशिश कर रहे हैं। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। दोषियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान जारी है। हम उन्हें नहीं बख्शेंगे।

## महाराष्ट्र में हाथ के दस्ताने बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग, 6 लोगों की जलकर मौत

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर इलाके में रविवार तड़के बड़ा हादसा हो गया। यहां हाथ के दस्ताने बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग जाने से कम से कम 6 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंचे अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने कड़ी मशक्कत से फैक्ट्री में लगी आग को बुझाया। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री में आग तड़के 2.15 मिनट पर लगी थी। फैक्ट्री के अंदर से 6 लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं। अग्निशमन अधिकारी मोहन मुंगसे ने बताया, हमें सुबह 2:15 बजे एक कॉल मिली थी। जब हम घटना स्थल पर पहुंचे, तो पूरी फैक्ट्री में आग लग चुकी थी। स्थानीय लोगों ने हमें बताया कि छह लोग अंदर फंसे हुए हैं। हमारे अधिकारी अंदर गए और छह लोगों के शव बरामद किए गए हैं।

# छापा : ठाणे में रेव पार्टी पर पुलिस की रेड

## 100 लड़के-लड़कियां हिरासत में, बड़ी मात्रा में ड्रग्स और शराब बरामद; 25 बाइक भी जब्त

मुंबई। महाराष्ट्र के ठाणे में नए साल से एक दिन पहले पुलिस ने एक रेव पार्टी पर छापा मारा है।

ठाणे क्राइम ब्रांच की टीम ने इस पार्टी पर कार्रवाई करते हुए 100 से ज्यादा लड़के और लड़कियों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने शनिवार-रविवार की रात तकरीबन 2 बजे ये छापेमारी की जिसमें बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थ बरामद किए हैं। ठाणे पुलिस के मुताबिक, ये रेव पार्टी मुंबई से सटे ठाणे के घोड़बंदर रोड पर वडवली बीच के पास आयोजित की गई थी। पुलिस ने बताया कि हमें देर रात रेव पार्टी की सूचना मिली थी। इसके बाद छापेमारी की गई। इस दौरान हिरासत में लिए गए ज्यादातर युवक-युवतियां नशे की हालत में डांस करते हुए मिले थे। इनका मेडिकल टेस्ट करवाया जा रहा है। पार्टी एक निजी प्लॉट में चल रही थी।

पुलिस के मुताबिक, पकड़े गए लोगों के पास से 70 ग्राम चरस, एमडीएमए, एलएसडी (0.41 ग्राम), एक्सटेसी पिल्स (2.10 ग्राम), गांजा (200 ग्राम) और ढेर सारी शराब बरामद हुई है।

मौके से गांजा पीने की सामग्री, डीजे, 29 मोटरसाइकिल भी बरामद की गई हैं। पार्टी ऑर्गेनाइज करने वाले तेजस अनिल कुबल (23), सुजल महादेव महाजन (19) को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# 2023 में 76 आतंकवादी मारे गए, इसमें 55 विदेशी भी थे शामिल

जम्मू ।जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक आर.आर. स्वैन ने जानकारी दी हे कि 2023 में केंद्र शासित प्रदेश में 55 विदेशियों सहित 76 आतंकवादी मारे गए हैं। एक मीडिया कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए डीजीपी ने कहा, 2023 तक 42 ऑपरेशनों में 55 विदेशी आतंकवादियों सहित 76 आतंकवादी मारे गए। साथ ही, आतंकवादियों के लिए काम करने वाले 291 ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) को गिरफ्तार किया गया, जबकि 89 आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया गया।



हम एक बहुत ही ऐतिहासिक दौर से गुजर रहे हैं। आतंकी संगठनों में शामिल होने वाले युवाओं की संख्या में कमी आई है। आतंकवादी रैंकों में युवाओं की भर्ती में 80 प्रतिशत की गिरावट आई है, जो 2022 में 113 से घटकर 2023 में 22 हो गई है। आतंकवादियों द्वारा नागरिक हत्याएं भी कम हो गई हैं, 2022 में 31 से घटकर 2023 में 14 हो गई हैं।आतंकवाद से संबंधित अपराधों में 60 प्रतिशत की गिरावट आई है, जो 2022 में 125 से घटकर 2023 में 46 हो गई है। आतंक से संबंधित घटनाओं की आवृत्ति में भी कमी आई है।

डीजीपी ने यह भी कहा कि 2023 के दौरान अलगाववादियों द्वारा कोई हड़ताल नहीं बुलाई गई है। उन्होंने कहा कि पहले इन्हें ज्यादातर सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचारित किया जाता था, लेकिन अब इस तरह के प्रचार का कोई प्रभाव नहीं है।

## हिट एंड रन कानून का विरोध

नई दिल्ली। देश में लागू हुए नए हिट एंड रन कानून के खिलाफ ट्रांसपोर्टर और ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर चले गए हैं। भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुए संशोधन के बाद हिट एंड रन के मामलों में दोषी ड्राइवर पर 7 लाख रुपए तक का जुर्माना और 10 साल तक कैद का प्रावधान है। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने हिट एंड रन कानून को सख्त बनाने का विरोध किया है। संगठन ने चक्काजाम का आह्वान किया। इसके बाद से देशभर में हड़ताल शुरू हो गई है। ट्रक ड्राइवरों और ट्रांसपोर्टर्स ने शनिवार 30 दिसंबर को जयपुर, मेरठ, आगरा एक्सप्रेस वे सहित कई हाईवे पर प्रोटेस्ट किया।

# आईआईटी-बीएचयू की छात्रा से गैंगरेप के तीनों आरोपी अरेस्ट

## सभी भाजपा आईटी सेल के मेंबर; कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

वाराणसी। आईआईटी-बीएचयू में बीटेक छात्रा से गैंगरेप के तीनों आरोपी अरेस्ट हो गए हैं। आरोपियों की पहचान बृज एन्क्लेव कॉलोनी सुंदरपुर के कुणाल पांडेय, जिवधीपुर बजरडीहा के आनंद उर्फ अभिषेक चौहान और बजरडीहा के सक्षम पटेल के रूप में हुई है। तीनों भाजपा आईटीसेल से जुड़े हैं। कुणाल पांडेय भाजपा आईटी सेल वाराणसी का महानगर संयोजक, सक्षम पटेल आईटी सेल का वाराणसी



महानगर सह-संयोजक, जबकि आनंद आईटी सेल वाराणसी महानगर का कार्य समिति सदस्य है। पुलिस ने रविवार शाम को तीनों आरोपियों को मेडिकल कराने के बाद भारी सुरक्षा के बीच कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने तीनों आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# मध्यप्रदेश-राजस्थान समेत 7 राज्यों में घना कोहरा, 23 ट्रेनें लेट

नई दिल्ली/भोपाल/चंडीगढ़। 2023 के आखिरी दिन राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत उत्तर भारत के 7 राज्यों में घना कोहरा देखने को मिला। असम के जोरहाट, पंजाब के पठानकोट-बठिंडा, जम्मू और आगरा में जीरो विजिबिलिटी रिकॉर्ड की गई। कोहरे के कारण दिल्ली के आसपास की 23 ट्रेनें अपने निर्धारित समय से लेट चल रही हैं। जम्मू-कश्मीर के कुछ इलाकों में तापमान फ्रीजिंग पाइंट के नीचे पहुंच गया है। श्रीनगर में टेम्प्रेचर माइनस 3.4° सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, अनंतनाग में -3.4 और गुलमर्ग में -3.5 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और नॉर्थ राजस्थान के कई इलाकों में रविवार सुबह (31 दिसंबर) तापमान 7°C-10°C के बीच दर्ज किया गया। आईएमडी के मुताबिक मध्य भारत में 24 घंटे में दिन का तापमान घटेगा। इसका मतलब मध्य प्रदेश-राजस्थान में नए साल के पहले दिन ठंड और बढ़ेगी।

प्राइवेट वेदर एजेंसी स्काईमेट के मुताबिक उत्तर भारत के अलावा झारखंड और ओडिशा के भी कुछ हिस्सों में आज कोहरा छाया रहेगा।

**ड्रग स्मगलिंग रैकेट** | 133 करोड़ रुपए की हेरोइन बरामद, 7 पिस्तौल और 23 लाख ड्रग-मनी के साथ 2 गिरफ्तार

# अमृतसर : अमेरिका से चल रहा ड्रग स्मगलिंग रैकेट पकड़ा

अमृतसर। पंजाब पुलिस ने अमेरिका में बैठकर ऑपरेट किए जा रहे एक ड्रग स्मगलिंग रैकेट का पर्दाफाश किया है। अमृतसर पुलिस ने अपने इस ऑपरेशन में दो लोगों को गिरफ्तार कर 133 करोड़ रुपए की हेरोइन बरामद की है। उनसे 7 पिस्तौल और 23 लाख रुपए की ड्रग-मनी भी पकड़ी गई। इस रैकेट का सरगना मनप्रीत उर्फ मन्नू महावा अमेरिका में बैठा है। पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने खुद सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर इससे जुड़ी जानकारी



साझा की। डीजीपी के मुताबिक, शुरुआती इन्वेस्टिगेशन में पता चला है कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी सीधे अमेरिका में बैठे अपने बॉस मन्नू महावा के संपर्क में थे और पाकिस्तान से हेरोइन मंगवाकर राज्य के अलग-अलग हिस्सों में उसकी डिलीवरी कर रहे थे। डीजीपी के अनुसार, यह गैंग जिनके जरिये पाकिस्तान से ड्रग मंगवाता था और आगे जिस लिंक के जरिये सप्लाई करता था, उसकी जांच की जा रही है। अमृतसर के पुलिस कमिशनर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि पुलिस को अमेरिका में बैठे ड्रग स्मगलर मनप्रीत उर्फ मन्नू महावा की ओर से ऑपरेट किए जा रहे नशीली दवाओं और हथियार तस्करी से जुड़े मॉड्यूल का पता चला था। पुलिस को यह भी सूचना मिली कि मन्नू महवा ने पाकिस्तान से हेरोइन की खेप मंगवाई है जिसे उसके गैंग के लोग डिलीवर करने जा रहे हैं। इस सूचना के बाद अमृतसर के डीसीपी हरप्रीत मंडेर, एडीसीपी 3 अभिमन्यु राणा और एसीपी सेंट्रल सुरिंदर कुमार की मॉनिटरिंग में सीआईए स्टाफ-3 की टीम ने अमृतसर शहर के इस्लामाबाद इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इस दौरान रैकेट से जुड़े दो लोगों को उस समय गिरफ्तार कर लिया गया जब वह हेरोइन लेने आने वाली पार्टी का इंतजार कर रहे थे।

## हैप्पी मॉर्निंग

परम सत्य ज्ञान...
सर्वश्रेष्ठ योगासन- पत्नी कुछ कहे तो गर्दन दो बार ऊपर नीचे करें! फायदा- इससे आपका जीवन खुशहाल रहेगा। ध्यान दें- भूल से भी गर्दन दाएं-बाएं न करें, यह जानलेवा हो सकता है...!

## शायरी

अनुभव की 'भट्टी' में जो
तपकर जलते है,
दुनिया के बाजार में वही
'सिक्के' चलते है

## अर्थसार

सेंसेक्स:
72,240.26
-170.12 (0.23%)
निफ्टी:
21,731.40
-47.30

## मौसम

अधिकतम : 17 डिग्री से0
न्यूनतम : 08 डिग्री से0
सूर्योदय मंगलवार : 7 : 17
सूर्यास्त सोमवार : 5 : 37







# सड़क किनारे क्यूआर कोड

कोविड के बाद के परिदृश्य में न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया में लोग अपनी जीवन शैली और इसके विकल्पों पर ज्यादा गहराई से विचार करने के लिए प्रेरित हुए हैं। चाहे बड़े शहर हों या छोटे, लोग अब ज्यादा जागरूक और सुविचारित जीवन जी रहे हैं। इतनी ज्यादा तादाद में आकस्मिक मौतों के आघात के बाद लोगों की सोच में आया यह बदलाव स्वाभाविक था और स्वागतयोग्य भी। पर, जहां ये परिवर्तन सोच के स्तर पर आए हैं, वहीं, देश में आ रहे तेज बदलावों से प्रेरित होकर कई व्यवहारिक परिवर्तन भी देखने को मिले। इनमें सबसे प्रमुख ट्रेंड था, दैनिक जीवन में डिजिटल भुगतान का महत्व लगातार बने रहना।

जब प्रधानमंत्री मोदी ने कोविड से पहले के वर्षों में डिजिटल भारत और डिजिटल भुगतान की बात की, तब इसे अपनाना वास्तविकता से काफी दूर समझा जा रहा था। लेकिन कोविड के समय में जब एटीएम तक जाना भी जोखिम से भरा था, तब डिजिटल भुगतान का विकल्प वाकई जीवन-रक्षक साबित हुआ। आज सड़क के किनारे नारियल का पानी बेचने वाले के पास भी क्यूआर कोड दिखता है और छुट्टे पैसे के लिए मारामारी अब अतीत की बात हो चली है।

बस स्कैन और भुगतानआज के युग का मंत्र बन गया है। पिछले साल जब मैं अमेरिका और तुर्किये की यात्रा पर थी, तो मुझे आश्चर्य होता था कि जेब में हर वक्त पैसा लेकर चलना कितना असुविधाजनक हो सकता है। साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री का डिजिटल भुगतान करते हुए एक वीडियो काफी चर्चा में रहा था। उनके चेहरे पर मौजूद आश्चर्य का भाव सब कुछ कह रहा था। वाकई जब भी डिजिटल भुगतान की बात आती है, भारत उसमें अग्रणी है। आने वाले वर्ष में हम कई दूसरी सेवाओं को भी डिजिटल होते देखेंगे। पर्यावरणीय चेतना बढ़ने के साथ स्मार्ट घर लोकप्रिय होते जाएंगे, जिनमें बिजली और पानी की बचत पर्यावरण और मितव्ययिता को प्रोत्साहित करेगी।

यू-ट्यूब का यदि विश्लेषण करें, तो वहां सबसे ज्यादा लोकप्रिय क्रिएटर वेलनेस गुरु हैं। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों ने हमें सिखाया है कि स्वास्थ्य महज प्रतिरक्षा बढ़ाने का खेल है और इस इम्युनिटी के काफी सारे समाधान हमारे खाने-पीने और जीवन शैली में निहित होते हैं। एप्पल वॉच से लेकर पहनने योग्य मेक इन इंडिया तकनीक तक, ज्यादा से ज्यादा भारतीय अब अपने मोबाइल फोन में फिटनेस ऐप का उपयोग करते हुए नजर आते हैं और शुगर के स्तर का भी हिसाब रख रहे हैं। दुनिया की डायबिटीज राजधानी कहलाने वाले अपने देश में जीवन शैली से जुड़ी इस बीमारी पर नजर रखना बेहद जरूरी हो गया है।

अच्छी बात है कि जैविक खाद्य सामग्री की कीमतें, जो कभी काफी ऊंची हुआ करती थीं, अब मध्यवर्गीय उपभोक्ता को भी आसानी से सुलभ होने लगी हैं। अब पहले से कहीं ज्यादा लोग वार्षिक स्वास्थ्य जांच करवा रहे हैं। पहले जहां रक्त जांच की रिपोर्ट आने में हफ्तों का समय लगता था, अब कुछ ही दिनों या घंटों में रिपोर्ट मिल जाती है। जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से कन्टेन्ट बनाने के शौकीनों के अड्डे यानी यू-ट्यूब अब ओटीटी प्लेटफॉर्म्स और इलेक्ट्रॉनिक न्यूज मीडिया पर भी बढ़त बना रहा है। ब्लॉगर यानी विजुअल ब्लॉग वाले सेलिब्रिटी बन गए हैं, जो प्रामाणिक व संबंधित अनुभव बताकर लोगों की जिंदगियों में घुले जा रहे हैं। सिनेमा की चमकदार दुनिया का अपना स्थान है, लेकिन अब उसे भी इन ब्लॉगरों से चुनौती मिल रही है। यह खबरों और कन्टेन्ट के लोकतंत्रीकरण का दौर है, जो अपनी जड़ें जमा रहा है।

यू-ट्यूब पैसा कमाने का भी जरिया बनता है। जीवन शैली हो या फिर फैशन, पूरी दुनिया में इन्हें लेकर पर्यावरण के अनुकूल ट्रेंड दिख रहा है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। हाल ही में जब अभिनेत्री आलिया भट्ट सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार लेने पहुंची, तो उन्होंने अपनी शादी वाली साड़ी पहनी हुई थी।

# पूरे विश्व को मानना होगा एक परिवार

**रमेश सर्राफ धमोरा**

दुनिया भर में लोग नए साल की पहली सुबह का आनंद उठाते हैं। लोग अपने दोस्तों, परिवार और करीबी लोगों के इस खास दिन का जश्न मनाते हैं। नए साल के साथ ही साल के पहले दिन यानी एक जनवरी को वैश्विक परिवार दिवस भी मनाया जाता है। हर साल एक जनवरी को मनाए जाने वाले इस दिवस के जरिए परिवारों के माध्यम से राष्ट्रों और संस्कृतियों में एकता, समुदाय और भाईचारे की भावना पैदा करता है। दुनिया में शांति बनाए रखने के लिए जरूरी है कि एक परिवार का निर्माण हो। ताकि विश्व में शांति की स्थापना होने के साथ ही हिंसा भी कम की जा सकें।

महात्मा गांधी का एक प्रसिद्ध भजन है वैष्णव जन तो तेने कहिये जे पीड़ परायी जाणे रे। दूसरों की पीड़ा समझने वाला ईश्वर के समान होता है। गांधी जी के इस भजन की पंक्तियों को भारत सही अर्थों में चरितार्थ कर रहा है। भारत हमेशा से ही विश्व बंधुत्व की भावना के सिद्धांत को अपनाकर उसी मार्ग पर चलाता आ रहा है। भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जो हमेशा से ही सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास करता रहा है।

आज भी दुनिया के किसी भी देश में कैसा भी संकट आया हो भारत उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा नजर आता है। इसी को कहते हैं विश्व बंधुत्व की भावना। वैश्विक परिवार दिवस यदि दुनिया का कोई देश सही मायने में मनाता है तो वह भारत ही हैं। भारत में आज भी अतिथि देवो भव की भावना जिंदा है। यहां के लोग स्वयं भूखे रहकर अतिथियों को भोजन करवाना अपना परम धर्म समझते रहे हैं।

जब पूरी दुनिया नए साल का जश्न मनाती है। उसी दिन पूरे विश्व में वैश्विक परिवार दिवस मनाया जाता है। ताकि विश्व में रहने वाले सभी लोग एक परिवार की तरह रहें। इस तरह विश्व के सभी राष्ट्रों और समुदाय में भाईचारे की भावना पैदा हो सके। वैश्विक परिवार दिवस जिसे विश्व शांति दिवस के रूप में भी जाना जाता है। दुनिया में सद्भाव और एकता की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए हर साल मनाया जाता है।यह दुनिया के एक वैश्विक गांव के विचार पर जोर देता है। जिसमें नागरिकता, सीमा या नस्ल की परवाह किए बिना हम सभी एक परिवार हैं।

वैश्विक परिवार दिवस की उत्पत्ति दो पुस्तकों में हुई थी। पहली 1996 में अमेरिकी लेखकों स्टीव डायमंड और रॉबर्ट एलन सिल्वरस्टीन द्वारा लिखित वन डे इन पीस 1 जनवरी 2000 नामक बच्चों की किताब थी। वहीं दूसरी किताब अमेरिकी शांति कार्यकर्ता और लेखक लिंडा ग्रोवर का 1998 का यूटोपियन उपन्यास ट्री आइलैंडरू ए नॉवेल फॉर द न्यू मिलेनियम थी। विशेष रूप से ग्रोवर ने 1 जनवरी को शांति के वैश्विक दिवस के रूप में स्थापित करने काफी अहम भूमिका निभाई थी। इन किताबों के विचारों के आधार पर ही 1997 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1 जनवरी को शांति का एक दिन मनाने की घोषणा की।

बाद में 1999 में संयुक्त राष्ट्र और इसके सदस्य देशों ने पहली बार वैश्विक परिवार दिवस मनाया गया। इस दिवस की सफलता को देखते हुए साल 2001 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस दिन को एक वार्षिक कार्यक्रम के रूप में स्थापित किया। इसके बाद से हर साल एक जनवरी को वैश्विक परिवार दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। नए साल की शुरुआत के साथ ही इस दिन को मनाने का मकसद एक ऐसे समाज की स्थापना करने का प्रयास है जहां सिर्फ शांति हो।

हालांकि यह एक नई शांतिपूर्ण दुनिया की शुरुआत थी और 1999 में सभी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों को शांति निर्माण की दिशा में रणनीति विकसित करने के लिए उस विशेष वर्ष के पहले दिन को औपचारिक रूप से समर्पित करने का निमंत्रण मिला। इस दिन के सकारात्मक प्रभाव को देखते हुए 2001 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा वैश्विक परिवार दिवस को एक वार्षिक कार्यक्रम घोषित किया गया। पहला वैश्विक परिवार दिवस पहली बार वर्ष 2000 में एक जनवरी को देखा गया था। तब से हर साल नए साल के पहले दिन को वैश्विक परिवार दिवस के रूप में मनाया जाता है।

यह दिन पूरे विश्व को एक परिवार मानता है। वैश्विक परिवार दिवस को शांति और साझाकरण के वैश्विक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य बहुसंस्कृतिवाद, बहुलवाद को बढ़ावा देना और शांति और सद्भाव के साथ एक-दूसरे के साथ रहना सिखाना है। यह दिन विश्व के एक वैश्विक परिवार होने के विचार को बढ़ावा देता है। इसका उद्देश्य एकजुट होना और इस विचार को बढ़ावा देकर शांति का संदेश फैलाना है कि पृथ्वी एक वैश्विक परिवार है। ताकि दुनिया को सभी के लिए रहने के लिए एक बेहतर जगह बनाया जा सके।

नए साल के आगाज साथ ही वैश्विक परिवार दिवस भी मनाया जाता है। वैश्विक परिवार दिवस को हर साल एक जनवरी को मनाने का मुख्य उद्देश्य दुनिया के सभी देशों, धर्मों के बीच शांति की स्थापना करते हुए युद्ध और अहिंसा को टालना है। साथ ही यह भी कोशिश है कि आपसी मतभेदों को बात-चीत के जरिए से निपटाया जाए और एक शांतिपूर्ण समाज की स्थापना की जा सके। इस दिन के लिए परिवार को काफी अहम माना गया है। क्योंकि परिवार के जरिए ही विश्व में शांति स्थापित की जा सकती है।

वैश्विक परिवार दिवस मनाने का सबसे अच्छा तरीका अपने परिवार के साथ दिन बिताना है। इस दिन लोग एक साथ रात्रिभोज की योजना बनाते हैं और अन्य पारिवारिक गतिविधियों का आनंद लेते हैं जो उनके बंधन को मजबूत करते हैं और शांति को बढ़ावा देते हैं। परिवार के साथ मनोरंजक गतिविधियों में एक साथ शिविर लगाना या एक साथ खाना बनाना, पिकनिक पर जाना, ट्रेक और बहुत कुछ शामिल हो सकता है। इस दिन को समुदाय के हिस्से के रूप में मनाने के लिए आप उन संगठनों के लिए स्वयंसेवक बन सकते हैं जो समुदाय का निर्माण करते हैं, हिंसा को कम करते हैं और अपने परिवार के साथ सुरक्षा को बढ़ावा देते हैं। आप वैश्विक शांति की दिशा में प्रयासों के बारे में कोई भी फिल्म देख सकते हैं।

आज पूरी दुनिया में युद्ध का वातावरण बना हुआ है। कई देशों में युद्ध छिड़ा हुआ है तो कई देश युद्ध के मुहाने पर खड़े हुए हैं। तीसरे विश्व युद्ध की आशंका व्यक्त की जा रही है। लोग एक दूसरे के दुश्मन बनते जा रहे हैं। जरा जरा सी बात पर लड़ाई झगड़ा होने लगता है।

ऐसे में वैश्विक परिवार दिवस हमारे लिए आशा की एक नई किरण लेकर आता है। इस दिवस से हमें पूरे विश्व को एक परिवार के रूप में बनाने की प्रेरणा मिलती है। यदि हम वैश्विक परिवार दिवस की अवधारणा के अनुरूप एक दूसरे के प्रति सहयोग की भावना अपना कर काम करे तो दुनिया शांति के पथ पर चलने लगेगी और सही मायने में इस दिवस की सार्थकता भी सिद्ध हो सकेगी।

# विचार परिवर्तन, अवसरवादिता, मजबूरी या महज़ अफ़वाह ?

**तनवीर जाफ़री**

ईसाई समुदाय से जुड़े क्रिसमस त्योहार ने इस वर्ष कुछ विशेष सुर्ख़ियां बटोरीं। इसकी दो वजह थीं। एक तो देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ईसाई समुदाय को संबोधित करते हुये ईसाई समुदाय के साथ अपना आत्मीयता का रिश्ता बताना। दूसरे राष्ट्रीय स्वयं संघ द्वारा क्रिसमस के दिन यानी 25 दिसंबर को कश्मीर से कन्याकुमारी तक क्रिसमस भोज का आयोजन करने की ख़बर का प्रचारित होना। ग़ौर तलब है कि गत 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में क्रिसमस के त्योहार पर ईसाई समुदाय को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि ईसाई समुदाय के साथ -मेरा बहुत पुराना और आत्मीय नाता रहा है। उन्होंने कहा कि -गुजरात के मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए वे ईसाई समुदाय के लोगों व उनके नेताओं से अक्सर मिलते रहते थे। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि ईसाई समुदाय के साथ उनका बहुत पुराना और क़रीबी रिश्ता है। उन्होंने कहा कि क्रिसमस वह दिन है जब हम यीशु मसीह के जन्म का जश्न मनाते हैं। यह ईसा मसीह के जीवन संदेशों और मूल्यों को याद करने का भी एक पावन अवसर है। इसी दौरान यह ख़बर भी देश के कई प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कश्मीर से कन्याकुमारी तक क्रिसमस भोज का आयोजन करने जा रहा है। यह पहली बार था जब भाजपा सरकार के केंद्रीय सत्ता में रहते हुये इस तरह के आयोजन की ख़बरें प्रचारित हो रही थीं। इन्हीं ख़बरों में अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय राज्यमंत्री जॉन बारला द्वारा मेघालय हाउस में कथित तौर पर क्रिसमस भोज की मेज़बानी करने, राष्ट्रीय ईसाई मंच की ओर से उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के चर्च प्रमुखों को आमंत्रित करने तथा संघ के कई प्रमुख नेताओं के इस आयोजन में शामिल होने की बातें विभिन्न प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित हुईं।

इन ख़बरों पर लोगों की ख़ास तवज्जोह की वजह यह भी थी कि पिछले कुछ महीनों से देश का मणिपुर राज्य ईसाई विरोधी हिंसा से जूझ रहा है। ख़बरों के अनुसार मणिपुर में ईसाईयों के दर्जनों चर्च भी जला दिये गये हैं। पिछले कुछ समय से देश के और भी कई इलाक़ों से पादरियों, चर्चों और ईसाइयों के कुछ संस्थानों पर हमले की घटनाएँ सामने आई हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री का ईसाई प्रेम दर्शाने और संघ द्वारा क्रिसमस भोज दिये जाने की ख़बर के प्रचारित व प्रकाशित होने पर आम लोगों का नज़र रखना भी स्वभाविक ही था। दरअसल राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संस्थापक व पूर्व सरसंघचालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर उर्फ़ गुरूजी ने 1966 में प्रकाशित अपनी एक पुस्तक बंच ऑफ़ थॉट्स में ऐसी कई विवादित बातें लिखी हैं जिनसे शायद संघ अब स्वयं को असहज महसूस कर रहा है और इनसे पीछा छुड़ाना चाहता है। ग़ौरतलब है कि 1940 से लेकर लगातार 33 वर्षों (अपनी मृत्यु) तक संघ प्रमुख रहे माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर उर्फ़ गुरूजी ने अपनी पुस्तक बंच ऑफ़ थॉट्स में लिखा है कि 'उन्हें नाज़ी जर्मनी से प्रेरणा मिली है।

उन्होंने भारतीय ईसाइयों को ब्लडसकर या ख़ून चूसने वाला बताया और मुसलमानों, ईसाइयों और कम्युनिस्टों को देश के लिए आंतरिक ख़तरा क़रार दिया है। इसी पुस्तक के दूसरे भाग में 'राष्ट्र और उसकी समस्याएँ' नाम का चैप्टर है। इसमें 'आंतरिक ख़तरे'. नामक शीर्षक के अध्याय में मुसलमान, ईसाई और कम्युनिस्ट नामक उपशीर्षक हैं जिनमें विस्तृत तौर पर यह बताया गया है कि किस प्रकार यही तीन समुदाय भारत के लिए ख़तरा पैदा करते हैं।

# टाईम पास

# डीपफेक बड़ी समस्या


चुनावी धोखाधड़ी, कॉरपोरेट ब्लैकमेलिंग, बाजारों को अपने हितों के अनुरूप चालित करने और डीपफेक के कारण साइबर सुरक्षा से जुड़े खतरे के मामले वर्ष 2024 में बढ़ेंगे। ऐसे में, यह चर्चा, चिंता और लड़ाई सतत बनी रहेगी कि कोई लिखित सामग्री, कोई तस्वीर, कोई ऑडियो क्लिप या कोई वीडियो असली है या फर्जी।

डीपफेक 2024 में बड़ी समस्या बनने वाला है। दरअसल डीपफेक तैयार करने के लिए जिस तकनीक की जरूरत पड़ती है, वह आज न सिर्फ पहले की तुलना में आसानी से उपलब्ध है, बल्कि कम लागत या कीमत में भी उपलब्ध है। इसके लिए जेनरेटिव एआई या कृत्रिम मेधा का इस्तेमाल किया जाता है। जेनरेटिव एआई के जरिये किसी भी शैली और किसी भी भाषा में ई-मेल लिखे जा सकते हैं। ऐसे में, इसकी कोई गारंटी नहीं कि सीएफओ की तरफ से आए ई-मेल वाकई उन्होंने ही लिखे हैं। ऐसे में, आश्चर्य नहीं कि सिलिकॉन वैली के अनेक लोग बगैर विराम चिह्नों के पोस्ट लिख रहे हैं-यही एक तरीका है, जिससे पता चल सकता है कि इसमें एआई की मदद नहीं ली गई है।


लिखित सामग्री को जांचने का खतरा तो है ही, लेकिन 2024 में असली खतरा आवाज और वीडियो से होगा। इलेवनलैब्स जैसी वॉयस क्लोनिंग सर्विसेज इतनी पेशेवर हैं कि वे हू-ब-हू आवाजों की क्लोनिंग कर लेती हैं। आवाज को जांचने की तकनीक जल्दी ही बेकाम की हो जाएगी। वॉयस मेल विश्वसनीय नहीं है। मैंने अपनी आवाज की क्लोनिंग करा ली है, लिहाजा जो भी पाठ मैं चुनूंगा, वह मेरी ही आवाज में बोलेगा। लेकिन इसका भी एक खतरा है-गलत हाथों में चले जाने पर वह आवाज मेरे स्वर में न जाने क्या-क्या बक डालेगी।

इस लिहाज से ऑडियो पर तो ध्यान रखना ही होगा, लेकिन वीडियो ज्यादा महत्वपूर्ण साबित होने जा रहे हैं। वीडियो में दिख रहे व्यक्ति को उसकी ही आवाज में सुने जाने पर भ्रम पैदा होगा। जो उसने नहीं कहा, वीडियो में उसे भी कहते देखा जाएगा। जो उसने नहीं किया, वीडियो में वह करते भी उसे देखा जाएगा। ऐसे में, जाहिर है, पसोपेश, असमंजस और भ्रम की स्थिति पैदा होगी। इससे कॉरपोरेट जासूसी और भयादोहन को बल मिलेगा। वर्ष 2024 में दुनिया की आधी से अधिक आबादी चुनावों में हिस्सा लेगी। अमेरिका के अलावा भारत, इंडोनेशिया, मेक्सिको, रूस और ब्रिटेन सहित कई देशों में चुनाव होंगे।

मेरा मानना है कि इनमें से हर चुनाव में डीपफेक वीडियो बड़ी भूमिका निभाएंगे। मतदाताओं में व्याप्त भ्रम का असर चुनावी नतीजों पर भी पड़ सकता है। यूक्रेन और गाजा के मोर्चों पर डीपफेक वीडियोज पहले ही पहुंच चुके हैं, जिससे फैसले उन घटनाओं के आधार पर लिए जा रहे हैं, जो कभी घटी ही नहीं। चुनावी धोखाधड़ी, कॉरपोरेट ब्लैकमेलिंग, बाजारों को अपने हितों के अनुरूप चालित करने और डीपफेक के कारण साइबर सुरक्षा से जुड़े खतरे के मामले वर्ष 2024 में बढ़ेंगे। ऐसे में, यह चर्चा, चिंता और लड़ाई सतत बनी रहेगी कि कोई लिखित सामग्री, कोई तस्वीर, कोई ऑडियो क्लिप या कोई वीडियो असली है या फर्जी।




## काकुरो पहेली -3051




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




### काकुरो - 3050 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

प्रेमी पति (पत्नी को खुश करने के लिए बोला)- डार्लिंग! अब झगड़ा बंद भी करो, मैं शांति के साथ रहना चाहता हूँ।

पत्नी- हाँ-हाँ, तो जाओ ना। रहो तुम अपनी शांति के साथ...! मैं भी अब अपने रमन के साथ रहना चाहती हूँ।

□ □ □

प्रेमी (पत्नी से)- आज तुम्हें मेरा बाँसुरी बजाना बुरा लगता है, लेकिन एक दिन मेरे बाँसुरी बजाने पर ही रीझ कर तुमने मुझसे शादी की थी।

पत्नी गुस्से से बोली- हाँ... की थी, लेकिन बाँसुरी बजाने पर रीझ कर नहीं, बल्कि यह सोच कर शादी की थी कि जिस तरह तुम बाँसुरी में फूँक मारते हो, उसी तरह मेरे घर का चूल्हा भी अच्छी तरह फूँकोगे।

□ □ □

कवि (पत्नी से), ''तुम्हे पता होना चहिए कि मैं वीर रस का कवि हूं और लोग मेरे बारे कहते हैं कि मैं अपनी कविताओं से संसार में आग लगा सकता हूं।''

पत्नी, अब अपनी प्रशंसा करना बंद करें और प्लीज जरा चूल्हे में आग जला दें।

## फिल्म वर्ग पहेली- 3051



**बायें से दायें:-**

१. इमरान हाशमी, दीपल शॉ की 'क्योंकि इतना प्यार' गीत वाली फिल्म-४
३. 'सौ दर्द हैं सौ राहतें' गीत वाली प्रीती, सलमान, अक्षय की फिल्म-२,१,२
६. आमिर खान, माधुरी दीक्षित की 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-२
७. 'आजा गुफाओं में' गीत वाली अमिताभ, मनोज की फिल्म-२
८. मोहित अहलावत, निशा की 'धीमी धीमी सी जिंदगी' गीतवाली फिल्म-२
९. 'ये मुलाकात एक बहाना है' गीत वाली जीतेंद्र, सुलक्षणा की फिल्म-४
१०. अनिलकपूर, स्मिता की 'आसमान छत हो मेरी' गीत वाली फिल्म-३
११. 'एक था बचपन' गीत वाली अशोक कुमार, संजीव, सुमिता की फिल्म-४
१३. सनी, मीनाक्षी शेशाद्रि की 'गवाह हैं चाँद तारे' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'सारे मोहल्ले में हल्ला' गीत वाली सुनील शेट्टी, पूजा बत्रा की फिल्म-२
१६. नसीर, जैकी, शिल्पा, की 'लड़का लड़की से' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'मैं ऐसा क्यों हूँ' गीत वाली अमिताभ, ऋतिक की फिल्म-२
१८. जीतेंद्र, लीना की 'दुनिया ने मुझको समझा नाकारा' गीत वाली फिल्म-४
२०. 'मिली तेरे प्यार की छाँव' गीत वाली अनिलकपूर, पूनम की फिल्म-३
२३. संजयदत्त, उर्मिला की 'ये जान ले ले रे' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'प्यार मुझसे जो किया' गीत वाली फारूख शेख, दीप्ति की फिल्म-२,२
२५. अमिताभ, हेमा मालिनी की 'दूल्हा दुल्हन की जोड़ी' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'चोरी चोरी जब नजरें मिली' गीत वाली बॉबी देओल, नेहा की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'मितवा, कहे धड़कने तुझसे' गीत वाली अमिताभ, शाहरूख, जॉन, अभिषेक, काजोल की फिल्म-२,४,१,३
२. अजय, अभिषेक, रानी, करीना, 'कभी नीम नीम कभी शहद शहद' गीत वाली फिल्म-२
३. 'एक लड़की बस गई' गीत वाली सनी देओल, तब्बू, रीमा सेन की फिल्म-२
४. राहुल खन्ना, जॉन, मिथुन, लारा, अमीषा की 'बेचैन मेरा दिल' गीत वाली फिल्म-३
५. 'कश पे कश लगाने दे' गीत वाली शरदकुमार, नंदा की फिल्म-२,२
६. ऋषि कपूर, शाहरूख, दिव्या की 'ऐसी दीवानगी देखी नहीं' गीत वाली फिल्म-३
८. 'तुम्हारे प्यार में' गीत वाली धर्मेन्द्र, संजीव कुमार, आशा की फिल्म-३
९. नाना, सलमान, मनीषा, सीमा की 'आज मैं ऊपर आसमां नीचे' गीत वाली फिल्म-३
११. 'मेरी बन्नो की आएगी' गीत वाली जैकी, जूही, अमृतासिंह की फिल्म-३
१२. अक्षय खन्ना, सोनाली बेंद्रे की 'सावन बरसे तरसे दिल' गीत वाली फिल्म-३
१४. फिल्म 'दूध का कर्ज' में जैकी श्रॉफ के साथ नायिका कौन थी ?-३
१९. जैकी श्रॉफ मोहसिन खान, नीलम की 'दे दो दे दो मुझे दिल' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'रहने को घर नहीं है' गीत वाली संजय दत्त, पूजा भट्ट की फिल्म-३
२२. गिरीश कर्नाड, स्मिता पाटिल की 'म्हारो गाँव काथिया पारे' गीत वाली श्याम बेनेगल निर्देशित फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली- 3050



## सूडोकु -3051


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3050 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

## शब्द पहेली - 3051



**बाएँ से दाएँ**

1. सरदार, अगुआ-4
5. जनमत, एक राय-4
9. पुराना जुकाम-3
10. चिंता, परवाह-3
12. पैंदा, तल्ला-2
14. ताल, सुर, आलाप-2
15. महोदय (अंग्रेजी-2)
16. लाडला, दुलारा-2
17. निवास करना-3
19. डोली उठाने वाले-3
21. नसीरुद्दीन शाह की फिल्म-3
22. तड़फाना-4
24. जल में रहनेवाला-4
25. दरियादिल, करुण-5
26. इराक की राजधानी-4
29. भेंट, पुरस्कार-4
33. पासों से भविष्य देखना-3
34. अश्ववाहक, घुड़सवार-3
36. चौकसी, रखवाली-3
37. हलक, कंठ-2
38. सदैव-2
39. लार -2
42. निश्चित-2
42. कालीन-3
43. बंदर, मर्कट-3
45. किसान-4
46. इस्लामी कैलेंडर का एक महीना -4

**ऊपर से नीचे**

2. क्रिकेट में बनते हैं-2
3. नगमा, गीत (उर्दू-3)
4. जो लायक न हो-4
5. अधिकारी, अफसर-4
6. राशिचक्र की एक राशि -3
7. झगड़ा, बैर-2
8. आदत, व्यवहार-4
11. शमशीर-4
13. तरंग, हिलोर-3
16. तृष्णा, लोभ-3
18. अमेरिका स्थित वेधशाला-2
20. जितेंद्र इस फिल्म में सात सवाल हल करते हैं -5
21. नीर, पानी-2
23. देवर्षि-3
24. ईर्ष्या, डाह-3
26. वटवृक्ष-4
27. जिसमें पौधे लगाते हैं-3
28. दलहन-2
30. मंत्र जाप-2
31. तसल्ली, आराम-3
32. भगवान विष्णु-4
34. धर्मशीलता-4
35. पैजामा-4
38. तमीज-3
40. साजन, प्रेमपात्र-3
42. पहरा, चौकसी-2
44. अवकाश-2

### शब्द पहेली -3050 का हल



# नोएडा में मोबाइल लुटेरों से पुलिस की मुठभेड़

## दो बदमाशों के पैर में लगी गोली, बिना नंबर प्लेट की बाइक से भाग रहे थे



गौतम बुद्ध नगर। नोएडा की थाना सेक्टर 58 पुलिस की शातिर मोबाइल लुटेरे से मुठभेड़ हो गई। इस पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। दोनों घायल बदमाशों के कब्जे से लूट के 9 मोबाइल फोन, दो तमंचे और एक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल बरामद हुई। दरअसल नोएडा की थाना सेक्टर 58 पुलिस के द्वारा सेक्टर 57 के पास चेकिंग की जा रही थी।

इसी दौरान पुलिस को एक मोटरसाइकिल पर दो संधिग्ध आते हुए दिखाई दिए, जिन्हें पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन वह लोग नहीं रुके और उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल को वापस दौड़ा दिया। पुलिस ने उनका पीछा करना शुरू किया तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। पुलिस द्वारा की गई फायरिंग के दौरान उनकी मोटरसाइकिल गिर गई और दोनों बदमाशों के पैर में गोली लग गई। जिससे वह घायल हो गए। पुलिस ने दोनों बदमाशों को दौड़कर पकड़ लिया। बदमाशों की पहचान गाजियाबाद निवासी अनिकेत और नोएडा निवासी अंशुल के रूप में हुई। गोली लगने की वजह से घायल हुए दोनों बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से लूट के 9 मोबाइल फोन बरामद किए। इसके अलावा तमंचा कारतूस भी बरामद किए गए और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई जो कि बिना नंबर प्लेट की थी।

नोएडा के एडिशनल डीसीपी मनीष मिश्रा ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों को पैर में गोली लगने की वजह से घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। यह बदमाश बड़े ही शातिर किस्म के लुटेरे हैं, जो मोटरसाइकिल पर सवार होकर राह चलते लोगों से सुनसान स्थान पर मोबाइल लूटकर फरार हो जाते थे। हाल ही में इन लोगों ने नोएडा के अलग-अलग थाना क्षेत्र में मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम दिया था। दोनों बदमाशों पर करीब एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। बाकी उनके आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है।

## दुकानदार पति पत्नी को पीटा

ग्रेटर नोएडा। थाना इकोटेक थ्री क्षेत्र में कार सवार दबंगों ने दुकानदार पति-पत्नी को पीटने का मामला सामने आया है। 5 रुपए के लिए स्विफ्ट कार में सवार 4 दबंगों ने दुकानदार पति-पत्नी को पीटा है। इस मामले में पीड़ित की शिकायत के आधार पर इकोटेक-3 कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रयास समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। बता दे की थाना ईकोटेक-3 की प्रभारी सरिता सिंह ने बताया कि रीना पत्नी राजेश ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के मुताबिक उद्योग केंद्र-दो में पानी टंकी के पास उनकी चाय की दुकान है। वहां पर एक स्विफ्ट कार में सवार होकर 4 युवक आए। उन्होंने उनसे एक सिगरेट की डिब्बी मांगी। पीड़िता के अनुसार उन्होंने सिगरेट की डिब्बी का मूल्य 100 रूपए बताया, लेकिन आरोपी ने कहा कि इसकी कीमत 95 रुपए है। इस बात को लेकर आरोपियों और पीड़िता के पति राजेश में बहस हो गई। पीड़ित महिला के अनुसार आरोपियों ने लाठी-डंडे से उनके पति राजेश के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि जब वह अपने पति को बचाने के लिए गई तो उनको भी पीट दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि इस घटना में हत्या के प्रयास समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

# प्रधान समेत पांच लोगो पर मुकदमा दर्ज

**नोएडा।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश का उल्लंघन कर पत्थर की पिसाई करने के बाद गंदे पानी को यमुना नदी में फेंकने के मामले में सेक्टर-126 पुलिस ने पाला प्रधान समेत कुल पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इसमें दो अज्ञात भी शामिल हैं।

पुलिस ने मौके से तीन ट्रैक्टर, एक जेसीबी और पत्थर पीसने वाली मशीन बरामद की है। यमुना के डूब क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित किए जा रहे क्रेशर के मामले में पुलिस ने यह कार्रवाई की है। फरार आरोपियों की तलाश में दबिश जारी है। खनन समेत अन्य संबंधित विभाग को भी मामले की जानकारी दे दी गई है।

शिकायत में उपनिरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि शनिवार को वह साथी उपनिरीक्षक छत्रपाल सिंह के साथ असगरपुर पुस्ता पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि यमुना पुस्ता के नीचे गांव असगरपुर के पाला प्रधान के खेत में अवैध तरीके से यमुना नदी के मध्य डूब क्षेत्र में रोड़ी, बदरपुर, पत्थर आदि की क्रैशर द्वारा पिसाई और धुलाई की जा रही है। मुखबिर ने यह भी बताया कि इससे निकलने वाले गंदे पानी को यमुना नदी में डाला जा रहा है। सारा काम अवैध रूप से किया जा रहा है।मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर दबिश देने के लिए शिकायतकर्ता ने पीसीआर 23 पर तैनात उपनिरीक्षक शैलेंद्र कुमार, कांस्टेबल भूपेंद्र कुमार को मौके पर बुलाया ।

इसके बाद सूचना के बारे में संबंधित अधिकारियों को बताया गया। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश के क्रम में अधिकारियों के दिशा-निर्देशन में मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर दबिश दी गयी। दबिश देने पर पता चला कि मौके पर पत्थर व बदरपुर का भंडारण किया गया है। पुलिस टीम को देखकर लोग भाग खड़े हुए। ट्रैक्टर और जेसीबी चालक मौके से झाड़ियों एवं ऊंचे-नीचे रास्ते का फायदा उठाकर भाग गए।

पुलिस टीम ने मौके से तीन ट्रैक्टर, एक जेसीबी को कब्जे में ले लिया। पुलिस को जानकारी में पता चला कि ट्रैक्टर और जेसीबी पाला प्रधान जयकिशन की है।

इसमें सत्यवीर और दो अन्य लोग भी शामिल हैं। संगठित तरीके से यह काम हो रहा था। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि आरोपियों की तलाश के लिए एक टीम गठित की गई है। मौके से मिले ट्रैक्टर और जेसीबी को सीज कर दिया गया है।

# शार्ट न्यूज

## बिजली विभाग के कर्मचारियों पर मारपीट का आरोप

ग्रेटर नोएडा। थाना जारचा में बिजली विभाग के 5 कर्मचारियों द्वारा एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि उनके और उनके भतीजे के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित आम आदमी पार्टी के जिला सचिव बताए जा रहे है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना जारचा के प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि रिंकू राणा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के मुताबिक वह अपने भतीजे रचित राणा के साथ प्यावली बिजली घर पर बिजली का बिल जमा करने गए थे। बिजली का बिल जमा करने के बाद वह वहां मौजूद बिजली विभाग के कर्मचारियों से कनेक्शन जोड़ने के लिए कहने गए। इसी बीच कर्मचारियों ने उनसे बदतमीजी करनी शुरू कर दी। आरोप है कि जब उन्होंने और उनके भतीजे ने इस बात का विरोध किया तो वहां खड़े बिजली विभाग के कर्मचारी रिंकू, नागेंद्र, प्रदीप और कृष्ण ने उनके साथ मारपीट की। सोशल मीडिया पर इसकी वीडियो भी वायरल हो गया। उन्होंने बताया कि विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी।

## कार समेत तीन वाहन चोरी

**नोएडा।** अलग-अलग स्थानों से कार, बाइक और स्कूटी चोरी होने का मामला सामने आया है। गाजियाबाद के वसुंधरा निवासी रंजय कुमार ने सेक्टर-20 पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीते दिनों वह अपने दोस्त से मिलने उसके सेक्टर-19 स्थित किराए के घर पर आए थे। घर के बाहर कार पार्क कर रंजय अंदर गए और रात वहीं बिताई। सुबह जब वह उठे तो देखा कि घर के बाहर से कार गायब है। वहीं, सेक्टर-21 में लगे मेले से सेक्टर-117 निवासी विपिन कुमार अवस्थी की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। साथ ही सेक्टर-34 मेट्रो स्टेशन के पास से सेक्टर-74 निवासी मुकुल सैनी की स्कूटी चोरी हो गई। सेक्टर-24 पुलिस को दी शिकायत में शिकायतकर्ता ने बताया कि बीते दिनों बेटे को मेट्रो कार्ड देने के लिए वह मेट्रो स्टेशन के अंदर गए थे और स्कूटी बाहर खड़ी कर दी थी। जब वह लौट कर आए तो स्कूटी गायब थी। संबंधित थाने के प्रभारियों ने बताया कि पीड़ितों की शिकायत पर सभी मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला जा रहा है।

## 200 किमी के दायरे में चलेंगी ई-बसें

साहिबाबाद। साहिबाबाद डिपो से 50 ई-बसों का संचालन किया जाएगा। यह बसें गाजियाबाद से 200 किलोमीटर के परिक्षेत्र में चलाई जाएंगी। 12 मीटर लंबी इन बसों के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू हो गई है। क्षेत्रीय प्रबंधक डिपो का निरीक्षण कर पांच जनवरी तक रिपोर्ट मुख्यालय भेजेंगे। गाजियाबाद रीजन के क्षेत्रीय प्रबंधक केशरी नंदन चौधरी ने बताया कि ई-बस के सिटी बस संचालन के बाद अब अंतर्राज्यीय सेवा शुरू करने की तैयारी है। गाजियाबाद में 50 बसों के चार्जिंग स्टेशन के तौर पर साहिबाबाद डिपो की दो एकड़ जमीन का उपयोग किया जाएगा। इसमें शेड और वाशिंग प्लेटफॉर्म बनाया जाएगा। बिजली आपूर्ति के लिए पांच एमवीए का कनेक्शन लगाया जाएगा। सिटी में 9 मीटर की ई-बसें चल रही हैं, जबकि अंतर्राज्यीय रूटों पर 12 मीटर की बसों का संचालन होगा। क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि अभी ई-बसों के रूट तय नहीं किए गए हैं। जिन रूटों पर ई-बसों को चार्ज करने की व्यवस्था होगी, वहीं इनका संचालन किया जाएगा। इसके लिए सर्वे किया जा रहा है।

## गवाही देने पर जान से मारने की दी धमकी

गाजियाबाद। कविनगर क्षेत्र में दोहरे हत्याकांड के मामले में मुख्य गवाह को गवाही देने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। मामले में वेव सिटी के रहने वाले कुशाल सिंह ने कविनगर थाने में दिनेश कुमार, प्रमोद कुमार और दो अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कुशाल सिंह का कहना है कि 25 अप्रैल 2019 को उनके बेटे सुरेंद्र उर्फ अन्नू चौहान और उसकी मंगेतर प्रीति की साईं उपवन मंदिर के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में पिलखुवा के आर्य नगर निवासी दिनेश कुमार पांच जनवरी 2023 को जेल से जमानत पर बाहर आ गया। जो गवाहों को गवाही से मुकरने का दबाव बना रहा है। आरोप है कि उसने कहा कि मामले में एक गवाह को उसने 15 लाख रुपये दिए हैं, जिसने उसके पक्ष में गवाही दी। अब वह उन्हें 15 लाख रुपये लेकर उसके पक्ष में गवाही देने का दबाव बना रहा है। ऐसा नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी है। एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

## सोम बाजार में व्यक्ति का शव मिला

नोएडा। सेक्टर-45 स्थित सोम बाजार में रविवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मौके पर भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोग जहां हत्या की आशंका जता रहे हैं, वहीं पुलिस का दावा है कि मृतक के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं।एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि बाजार में सुबह आठ बजे के करीब शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की उम्र 55 साल के करीब बताई जा रही है। आशंका है कि संबंधित व्यक्ति की मौत शराब के अधिक सेवन से हुई है। शव की शिनाख्त के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है। स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस व्यक्ति की मौत हुई है वह बाजार के आसपास घूमता रहता था।सभी पहलुओं पर पुलिस की जांच जारी है।

## पांच साल से जमे चिकित्सकों के ट्रांसफर होंगे

गाजियाबाद। जिले में पांच साल से जमे चिकित्सकों के गैर जिलों में तबादले होंगे। इसके लिए शासन ने सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों से चिकित्सकों की सूची मांगी है। विभाग की ओर से रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। लोकसभा चुनाव से पहले चिकित्सकों पर तबादले की तलवार लटक गई है। 2024 में लोकसभा के चुनाव प्रस्तावित हैं। इसको लेकर चुनाव आयोग और शासन से मतदाता सूची और प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू की जा चुकी हैं। मतदाताओं की लिस्ट को अपडेट करने के लिए पुनिरीक्षण का काम चल रहा है। वोटर लिस्ट में मतदाताओं के नाम बढ़ाने का काम चल रहा है। लेकिन चुनाव को लेकर प्रशासननिक तंत्र को भी कसौटी पर कसने के लिए अधिकारियों को भी इधर से उधर भेजा जा रहा है। इसी कड़ी में शासन से जिले में तैनात ऐये चिकित्सकों की सूची तलब की गई है, जिनका कार्यकाल पांच साल से ज्यादा हो चुका है या एक स्थान पर ड्यूटी करते हुए लंबा समय हो चुका है।

## कार का लॉक तोड़कर नकदी और मोबाइल चुराया

मुरादनगर। दिल्ली-मेरठ मार्ग पर एचएलएम कॉलेज के बाहर खड़ी कार का लॉक तोड़कर नकदी ,मोबाइल व अन्य सामान चोरी कर लिया। छात्र परीक्षा देने के लिए पिलखुवा से आया था। पीड़ित ने इस संबंध में मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।जिला हापुड के पिलखुवा निवासी करूणेय कुमार कोहरी गाजियाबाद के डासना स्थित आईएमएस कॉलेज में बीसीए प्रथम वर्ष का छात्र है। छात्र का परीक्षा सेंटर दिल्ली मेरठ मार्ग पर गांव मिल्क दुहाई के सामने स्थित एचएलएम कॉलेज में है। शनिवार को छात्र परीक्षा देने के लिए आया था। छात्र ने अपनी कार कॉलेज गेट के बाहर खड़ी करके परीक्षा देने अंदर चला गया था। जब वह वापस आया तो छात्र की कार की खिड़की का लॉक टूटा पड़ा था और अंदर से बैंग गायब था। बैंग में पांच हजार रुपए की नकदी, मोबाइल और शैक्षिक कागजात थे। पीड़ित ने इस संबंध मं रविवार सुबह पहुंचकर तहरीर दी।

## लाइट खराब होने से परेशानी बढ़ी

गाजियाबाद। गोविंदपुरम और शास्त्रीनगर में कई जगह लाइट खराब होने से अंधेरा छाया है। इस कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। लोग नगर निगम के प्रकाश विभाग से लाइट ठीक करवाने की मांग कर रहे हैं। निगम के प्रकाश विभाग ने पिछले महीने ही दो हजार से ज्यादा लाइट लगवाई है। इसके बावजूद शहर में कई जगह लाइट खराब होने की शिकायत आ रही है। अंधेरा होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गोविंदपुरम और शास्त्री नगर इलाके में पिछले कई महीने से लाइट खराब है। हालांकि निगम ने कुछ जगह लाइट लगवाई है लेकिन ज्यादातर स्थानों पर अभी भी अंधेरा छाया रहता है। अंधेरा होने के कारण लोग परेशानी झेल रहे हैं।

# लोगों ने ग्रेनो वेस्ट में मेट्रो की सुविधा के लिए प्रदर्शन किया

**गौतमबुद्धनगर।** ग्रेनो वेस्ट के घर खरीदारों ने रविवार को एक मूर्ति गोल चक्कर पर एकत्रित होकर कड़कड़ाती ठंड में मेट्रो की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि ग्रेनो वेस्ट के लोगों को सिर्फ वादे मिलते हैं। लोगों ने कहा कि मांग पूरी होने तक प्रदर्शन जारी रहेगा।प्रदर्शन के बाद रजिस्ट्री की समस्या को लेकर लोगों ने बैठक की। घर खरीदारों ने कहा कि ज्यादातर प्रोजेक्ट हैं एनसीएलटी में हैं। सरकार को इन प्रोजेक्ट में रहने वाले लाखों निवासियों के बारे में सोचना चाहिए। घर खरीदारों ने कहा कि स्पोर्ट्स सिटी जैसे प्रोजेक्ट को सरकार की घोषणा से बाहर रखा गया है, जबकि यहां हजारों लोगों को बिना रजिस्ट्री के रहना पड़ रहा है। लोगों ने कहा कि एनसीएलटी में प्रोजेक्ट होने की वजह से बड़ी संख्या में घर खरीदारों को सरकार के फैसले से कोई फायदा नहीं होगा। रजिस्ट्री के मुद्दे को आईआरपी से बात कर अथॉरिटी को सुलझाना चाहिए। लोगों ने कहा कि स्पोर्ट्स सिटी जैसे प्रोजेक्ट के बारे में भी सरकार को सोचना चाहिए। लोगों ने ग्रेटर नोएडा में मेट्रो जल्द से जल्द शुरू करने की मांग भी उठाई। प्रदर्शन और बैठक में मिहिर गौतम, अनुराग खरे, अशोक श्रीवास्तव, सुधांशु किशोर, बिपिन प्रसाद, गंगेश कुमार, रंजना सिंह, मुकेश आदि मौजूद रहे।

# श्मशान का रास्ता रोकने पर धरने पर बैठीं महिलाएं

## यमुना गौड सिटी बिल्डर व ग्रामीणों के बीच चल रहा विवाद

**जेवर।** रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में शनिवार रात यमुना गौड सिटी बिल्डर द्वारा निर्माण कर गांव के श्मशान को जाने वाले रास्ते को बंद किये जाने की सूचना पर दर्जनों ग्रामीण पुरुष व महिलाएं मौके पर पहुंच गईं। कहासुनी के बाद जमकर हंगामा हुआ और बिल्डर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए महिलाएं धरने पर बैठ गईं। पीड़ित ग्रामीण पुलिस पर बिल्डर से मिलीभगत का आरोप लगा रहे हैं। हालांकि पुलिस ने समझा बुझाकर रात को फिलहाल धरना स्थगित करा दिया है।

ग्रामीणों का कहना है कि रास्ते को लेकर सामूहिक समझौता हुआ था। यमुना विकास प्राधिकरण ने ग्रामीणों के आवागमन को रास्ता बनाने के निर्देश जारी होने के बाद भी बिल्डर स्थानीय पुलिस की मदद से जबरन रास्ता बंद करने पर उतारू है। मामले की कई बार शिकायत की जा चुकी है। उच्च न्यायालय में याचिका विचाराधीन है। ग्रामीणों का दावा है कि जल्द ही एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करेगा और बिल्डर के खिलाफ व्यापक आंदोलन किया जाएगा। गौरतलब है कि गांव रामपुर बांगर गाँव स्थित गाटा संख्या 84 रकबा 0,2400 है0 श्मशान भूमि है। वर्ष 2015 में यमुना गौड सिटी व ग्रामीणों के बीच श्मशान के लिए 12 फ़ीट चौड़ा रास्ता दिए जाने का समझौता हुआ था।

### अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को लेकर किया जाएगा

बिल्डर अपनी मनमानी कर रहा है। जिसको लेकर ग्रामीणों में काफी रोष है। जिसको लेकर ही शनिवार की रात ग्रामीण वहां पहुंचकर जमकर हंगामा भी किया। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को समझ कर वहां से उनके घर देर रात को भेज दिया। ग्रामीणों को कहना है कि समस्या का समाधान नहीं होता तो अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को लेकर किया जाएगा।

### यह मामला उच्च न्यायालय में भी विचाराधीन है

जिसमें प्राधिकरण व प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल हुए थे। यमुना विकास प्राधिकरण के मुख्यकार्यपाल द्वारा श्मशान के लिए रास्ता बनाने व आदेश की अवहेलना करने पर कार्रवाई के आदेश दिए गए थे। बावजूद इसके भी यमुना गौड सिटी बिल्डर द्वारा बार बार रास्ते को बंद करने जा प्रयास किया जा रहा है। जबकि यह मामला उच्च न्यायालय में भी विचाराधीन है।

# महिला समेत चार लोगों का मोबाइल लूटा

**नोएडा।** बाइक सवार बदमाशों का आतंक शहर में थमने का नाम नहीं ले रहा। अलग-अलग जगहों पर बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्यरत महिला समेत चार लोगों का मोबाइल लूटकर बाइक सवार बदमाश फरार हो गए।दिल्ली के शाहदरा निवासी राहुल ने सेक्टर-63 पुलिस को शिकायत में बताया कि शनिवार को दोपहर एक बजे के करीब वह आवश्यक काम से सेक्टर-65 स्थित एक ऑफिस आए थे। वह कंपनी के बाहर अपने दोस्त से बात कर रहे थे, उसी दौरान बाइक पर सवार होकर दो बदमाश पीछे से आए और मोबाइल लूट कर फरार हो गए।

वहीं, सेक्टर-58 पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दिल्ली निवासी चंचल ने बताया कि वह सेक्टर-57 स्थित मोटर क्राफ्ट कंपनी में टीम लीडर के पद पर कार्य करती हैं। 30 दिसंबर को दोपहर करीब एक बजे वह भोजन करने के लिए कंपनी के बाहर निकलीं। इसी दौरान बाइक पर सवार होकर दो लड़के आए और मोबाइल छीनकर भाग गए। अन्य घटना में सेक्टर-24 पुलिस को दी शिकायत में गिझौड़ गांव निवासी छोटू ने बताया कि 30 दिसंबर की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे वह गिझौड़ चौराहे पर बाइक सवार दो बदमाश मोबाइल छीनकर भाग गए।सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन के पास बाइक सवार बदमाशों ने कार सवार युवती को बातों में उलझाकर उसका आईफोन लूट लिया। लूट के मामले को सेक्टर-63 पुलिस ने चोरी की धारा में दर्ज किया है। दिल्ली के पांडव नगर निवासी वंदना दीक्षित ने बताया कि वह 28 दिसंबर को शाम करीब 7.35 बजे सेक्टर-62 गोल चक्कर से सेक्टर-58 स्थित ऑफिस जा रही थीं। सेक्टर-62 मेट्रो स्टेशन से 50 मीटर पहले दो लड़के कार के पास आए और कार को रुकवाकर शीशा खुलवाया। इसी दौरान दोनों ने बातों में उलझाकर कार की चार्जिंग पेड में रखा आइफोन निकाल लिया और भाग गए।

### एक थानाक्षेत्र में तीन मोबाइल लूट

सेक्टर-39 थानाक्षेत्र में अलग-अलग स्थानों से बाइक सवार बदमाशों ने तीन लोगों का मोबाइल लूट लिया। बरौला गांव निवासी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि शनिवार को दोपहर एक बजे वह सेक्टर-37 बस स्टैंड से मेट्रो की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार बदमाश पीछे से आए और सुरेंद्र का मोबाइल लूटकर फरार हो गए। वहीं कानपुर निवासी हिमांशु सोनकर ने बताया कि शनिवार को दोपहर एक बजकर 30 मिनट पर वह सेक्टर-37 स्थित अरुण विहार के गेट नंबर दो के पास से गुजर रहे थे, उसी दौरान बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल लूट लिया। इसके अलावा छलेरा निवासी उमेश लाल का मोबाइल बदमाशों ने सेक्टर-37 यूटर्न के पास लूटा। पीड़ित ने बताया कि वह शनिवार को ई-रिक्शा से जब गुजर रहे थे तभी बदमाशों ने मोबाइल लूट लिया।

# गाजियाबाद में फर्नीचर के गोदाम में लगी आग

गाजियाबाद। गाजियाबाद के अंकुर विहार थाना क्षेत्र में एमएम रोड डीएलएफ से दमकल विभाग को सूचना मिली की फर्नीचर के गोदाम में आग लग गई है। लोनी फायर स्टेशन से दो दमकल की गाड़ी मौके पर रवाना हुई। दमकल कर्मियों ने देखा कि ग्राउंड फ्लोर पर बने फर्नीचर के गोदाम में आग लग गई है।

वहीं गोदाम के ऊपर चार मंजिला फ्लैट बने हुए हैं। गाजियाबाद में चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल ने बताया कि रविवार को लोनी फायर स्टेशन कंट्रोल रूम पर प्लॉट नंबर एमएम 55, एमएम रोड, डीएलएफ, अंकुर विहार लोनी गाजियाबाद पर बनी बिल्डिंग में आग लगने की सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही लोनी फायर स्टेशन से दो फायर टेंडर फायर सर्विस यूनिट के साथ घटनास्थल के लिए रवाना हुए। राहुल पाल के मुताबिक मौके पर पहुंचकर एक फायर सर्विस यूनिट ने तत्काल चार मंजिला भवन के भूतल पर बनी फैजान निवासी डाबर तालाब लोनी की फर्नीचर की दुकान में लगी आग को पंपिंग करके बुझाना शुरू किया।

वहीं दूसरी फायर सर्विस यूनिट ने भवन की ऊपरी मंजिलों पर बने फ्लैट्स में सर्च ऑपरेशन शुरू किया।

# जिला अस्पताल का डॉक्टर हनी-ट्रैप में फंसा

## अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया

गाजियाबाद। गाजियाबाद के जिला अस्पताल के डॉक्टर ने साहिबाबाद में 4 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। डॉक्टर के मुताबिक मरीज के तौर पर मिली एक महिला ने उसे हनीट्रैप में फंसा कर 11.50 लाख रुपए वसूल लिए। इसके बावजूद महिला ने डॉक्टर के खिलाफ पुलिस में शिकायत की और पैसे मांगे। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया है। हिरासत में लिए गए महिला और पुरुष भाई-बहन हैं। जिला अस्पताल में तैनात डॉक्टर अजेंद्र कुमार दीक्षित ने पुलिस को दी शिकायत के मुताबिक भारती ठाकुर नाम की महिला उसे इलाज के दौरान अस्पताल में मिली। इसके बाद भारती ठाकुर अक्सर डॉक्टर को वॉट्सऐप पर मैसेज और फोन करने लगी। एक बार महिला ने उनको अश्लील वीडियो काल की। उसी काल का वीडियो और फ़ोटो सेव कर लिए। इसके बाद उसे ब्लैकमेल करने शुरू किया। सबसे पहले 4.5 लाख लेकर सभी वीडियो और फोटो उनके सामने डिलीट करना दिखाए। साथ ही एक स्टांप पेपर पर भी लिख कर दिया कि महिला डॉक्टर से कभी मिलेगी नहीं और ब्लैकमेल नहीं करेगी। इस महिला ने सारे वीडियो और फोटो कहीं और भी सेव किए हुए थे। उसके बाद आरोपी महिला ने आपत्तिजनक फोटो डॉक्टर की पत्नी के मोबाइल में भेजें और आगे ना भेजने के नाम पर 2 लाख वसूल किए। इस पर भी महिला का मन नहीं भरा तो महिला ने पुलिस को डॉक्टर के खिलाफ प्रार्थना पत्र दे दिया। प्रार्थना पत्र को वापस लेने के नाम पर 23 दिसंबर को 5 लाख रुपए फिर वसूले। डॉक्टर ने थाना साहिबाबाद में मुकदमा दर्ज करवाया है। मुकदमे में भारती ठाकुर उसकी बहन गीता ठाकुर उसके भाई आशीष ठाकुर और एक और महिला सीमा ठाकुर को आरोपी बनाया गया है। एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय ने बताया कि मुकदमे में नामजद भारती ठाकुर और आशीष ठाकुर को हिरासत में ले लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है।

# गाजियाबाद पुलिस ने देह व्यापार के अड्डे पर की छापेमारी

## 4 महिलाएं और 8 पुरुष गिरफ्तार, भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामान बरामद



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के शालीमार गार्डन सर्कल में एसीपी ने दोनों थाने में चल रहे व्यापार के अड्डे पर रेड की। इस दौरान एक जगह से 9 महिलाएं 7 पुरुष गिरफ्तार किए गए। दूसरी जगह से 5 महिलाएं एक पुरुष को गिरफ्तार किया गया। दोनों जगह से मौके से भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामान भी मिला है।

एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि उनको किसी शख्स ने फोन करके जानकारी दी कि थाना टीला मोड़ क्षेत्र में क्षेत्र के तुलसी निकेतन में एक रिहायशी मकान में देह व्यापार चल रहा है। सिद्धार्थ गौतम के मुताबिक इस सूचना पर उन्होंने अपने क्षेत्र के दोनों थाना टीमों को इकट्ठा किया। साथ ही महिला पिंक बूथ प्रभारी को भी बुलाया गया। इसके बाद जब पुलिस टीम ने तुलसी निकेतन के उस मकान में छापा मारा तो वहां अर्धनग्न हालत में पुरुष और महिलाएं मिले। वहां से 9 महिलाएं और 7 पुरुष को गिरफ्तार किया गया। मौके से भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामान भी मिला।

### रिहायशी मकान में देह व्यापार

वहीं से उन्हें शालीमार गार्डन में चल रहे एक और देह व्यापार के अड्डे का पता चला। वह भी रिहायशी मकान में चल रहा था। इसके बाद पुलिस टीम ने वहां भी रेड की तो वहां भी अर्धनग्न अवस्था में पुरुष और महिलाएं मिली। वहां से पांच महिलाएं और एक पुरुष को गिरफ्तार किया गया। वहां पर भी आपत्तिजनक सामान मिला है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# स्कूल मालिक से मांगी रंगदारी, आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना लोनी बॉर्डर पुलिस ने 10वीं पास आलोक नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आलोक ने अपने घर के पास बने स्कूल की मालकिन के बेटे से रंगदारी वसूली थी। महज 10वीं पास आलोक ने गूगल और यूट्यूब से इंटरनेशनल इंटरनेट कॉलिंग सीखा। उसके बाद रंगदारी वसूली। पुलिस ने 11 दिन बाद आरोपी को गिरफ्तार कर रंगदारी के पैसे बरामद किए हैं।

गाजियाबाद में एसीपी अंकुर विहार रवि प्रकाश सिंह ने बताया कि आजकल ऐसे कई सॉफ्टवेयर मौजूद है। जिन पर दूसरे देश का आईपी एड्रेस और नंबर मौजूद रहता है। इन सॉफ्टवेयर पर जाकर आप किसी भी देश का नाम और नंबर चुन सकते हैं। उसके बाद जब आप अपने ही नंबर से किसी दूसरे व्यक्ति को इंटरनेट कॉलिंग करेंगे तो कॉल रिसीव करने वाले व्यक्ति के पास उसी देश की आईडी और उसी देश का नंबर आएगा, जो आपने चुना है। इन नंबरों को ट्रेस करना बेहद मुश्किल होता है।

एसीपी अंकुर विहार रवि प्रकाश के मुताबिक 20 दिसंबर को जब आलोक ने रंगदारी मांगी थी। तभी से साइबर टीम रोजाना चार से पांच अटेम्प्ट कर रही थी। आखिरकार 11 दिन बाद पुलिस को सफलता मिली है।

एसीपी अंकुर विहार रवि प्रकाश सिंह ने बताया कि आरोपी आलोक मुख्य रूप से हरदोई का रहने वाला है। फिलहाल गायत्री विहार थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र में रह रहा है।

# मेरठ में राज्यमंत्री और विधायक के खिलाफ महापंचायत का ऐलान

## चंद्रशेखर बोले- विधायक और मंत्री ने सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर दलित पार्षदों की पिटाई की

**मेरठ ।** मेरठ नगर निगम की बोर्ड की बैठक में हंगामा और मारपीट का मामला तूल पकड़ रहा है। रविवार को आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर उर्फ रावण मेरठ पहुंचे। जहां भाजपा नेताओं और प्रशासन पर जमकर निशाना साधा।

दरअसल, बोर्ड की बैठक के बाद भाजपा नेता और राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर व एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज ने दलित पार्षद कीर्ति उर्फ कुलदीप व आशीष चौधरी समेत अन्य पार्षदों की सड़क पर पिटाई की थी। जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विपक्षी संगठन एक हो गया। घटना के बाद सपा से सरधना विधायक अतुल प्रधान, कांग्रेस से महानगर अध्यक्ष जाहिद अंसारी समेत अन्य संगठन के पदाधिकारी पहुंचे थे। संगठन ने मिलकर भाजपा के राज्यमंत्री और विधायक के खिलाफ महापंचायत का ऐलान किया है।



### दलितों के प्रति मनुवादी सोच

आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर उर्फ रावण रविवार को मेरठ पहुंचे। उन्होंने आरएलडी के कार्यालय में प्रेस वार्ता की। जहां आरएलडी के पदाधिकारी के साथ पार्षद कीर्ति उर्फ कुलदीप घोपाल मौजूद रहे। जबकि आशीष चौधरी ने अपना मोबाइल बंद कर लिया था। चंद्रशेखर के संबोधन के दौरान पार्षद कुलदीप भावुक हो गए। उन्होंने बताया कि सदन में मंत्री और विधायक ने तो बर्बरता की, उसके बाद थाने में भी पुलिस द्वारा उन्हें धमकाया गया। यहां तक की पुलिस कर्मियों ने जिंदा जलाने की बात भी की।

जिसे सुनकर चंद्रशेखर भड़क गए। उन्होंने कहा कि आज भी ऊंची जाति के लोगों में दलितों के प्रति मनुवादी सोच है। इसी सोच की वजह से ब्राह्मण समाज के विधायक और गुर्जर समाज के मंत्री ने सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर दलित पार्षदों की पिटाई की है। वे दलित पार्षदों के सम्मान में आगामी 10 जनवरी को चौधरी चरण सिंह पार्क में महापंचायत करेंगे।

### पार्षदों के साथ बर्बरता

चंद्रशेखर ने कहा कि जिस तरीके से सदन में सांसदों का निलंबन हुआ है। इस तरह से नगर निगम की वोट बैठक से भी पार्षदों को भगाया जा रहा है। पार्षद आशीष चौधरी और कुलदीप भाजपा के नेताओं के भ्रष्टाचार की पोल सदन में खोलने वाले थे, लेकिन उससे पहले ही पार्षदों के साथ बर्बरता की गई।

# शाहजहांपुर रोजा रेलवे स्टेशन पर तैनात टेक्नीशियन की हीटर से जल कर मौत

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर के रोजा रेलवे स्टेशन के विद्युत उपकेंद्र पर तैनात विद्युत टेक्नीशियन का करंट से जला हुआ शव रविवार को बरामद हुआ ।पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने यूनीवार्ता से बताया कि थाना रोजा क्षेत्र के रहने वाले जयकुमार (30) शनिवार रात 12 बजे अपनी ड्यूटी पर पावर हाउस गए थे। सुबह की शिफ्ट के कर्मचारी जब पावर हाउस गए तो उन्होंने जय कुमार का जला हुआ शव देखा । मीणा ने बताया कि मृतक के परिजनों के अनुसार मृतक जयकुमार की लिवर की बीमारी थी और अचानक बेहोश भी हो जाया करते थे। अंदाजा लगाया जा रहा है कि मृतक ड्यूटी के दौरान पास ही में रखे हीटर पर गिर गये जिससे उसकी जलकर मौत हो गई है। पुलिस ने मृतक के शव के जले हुए अवशेषों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# बदायूं की नाबालिग लड़की को बंधक बनाकर रेप

गांव के युवक ने हरियाणा ले जाकर की दरिंदगी, डेढ़ महीने बाद बरामद हुई पीड़िता

बदायूं। बदायूं में बहलाकर ले जाई गई नाबालिग लड़की की बरामदगी के बाद पुलिस ने आरोपी युवक क्लीनचिट दे दी। जबकि लड़की का कहना है कि आरोपी ने उसे डेढ़ महीने तक बंधक बनाकर रेप किया। पुलिस ने घटना का मुकदमा लिखा लेकिन बाद में फाइनल रिपोर्ट (एफआर) लगा दी। मामले की जानकारी होने पर पीड़िता समेत उसके परिजनों ने एसएसपी समेत अन्य अधिकारियों को पूरा प्रकरण बताया है।

दरअसल, बिनावर थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली नाबालिग लड़की 3 नवंबर की रात संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। परिजनों का आरोप था कि गांव का गुरुदीप नाम का युवक उनकी बेटी को बहलाकर अपने साथ ले गया है।

गुरुदीप के परिवार वालों से पीड़िता के परिजनों ने इसकी शिकायत की तो शुरूआत में आरोपी के परिवार वालों ने जल्द उनकी बेटी को वापस बुलाने का आश्वासन दिया लेकिन इसके बाद वो अपनी बात से मुकर गए। इस पर परिजनों ने गुरुदीप के खिलाफ मुकदमा थाने में लिखाया। तकरीबन डेढ़ महीने बाद लड़की बरामद हो गई तो पुलिस ने उसका कोर्ट में बयान दर्ज कराया और परिवार वालों की सुपुर्दगी में दे दिया। मामले में एफआर लगा दी।

### ये है पीड़िता का आरोप

पीड़िता का आरोप है कि गुरुदीप उसे यहां से हरियाणा ले गया। वहां डेढ़ महीने तक बंधक बनाकर रेप किया। जबकि बाद में बदायूं लाकर अपने भाई समेत दो लोगों को सौंप दिया। कहा कि थाने में बयान कराकर वापस ले चलेंगे। आरोप है कि थाने पहुंचने पर मामले के विवेचक एसआई सुमेर सिंह ने उससे कहा कि बयान में यही कहे कि वह अपनी मर्जी से हरियाणा गई थी और लौट आई है। इसके अलावा बयान दिया तो उसके परिवार वालों को जेल भेज दिया जाएगा।

# हापुड़ पुलिस ने 31 लाख के 125 फोन किए बरामद

**मोबाइल स्वामियों को सौंपा, एसपी के साथ सेल्फी लेकर लोगों ने बोला थैंक्यू**

हापुड़। हापुड़ में साइबर टीम और स्वाट टीम ने संयुक्त रूप से मिलकर आम जनता के खोए हुए करीब 31 लाख 25 हजार रुपये के विभिन्न कंपनियों के 125 मोबाइल फोन बरामद किए। मोबाइल स्वामियों को सौंपा।

मोबाइल फ़ोन मिलने के बाद लोगों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने हापुड़ पुलिस का धन्यवाद किया। साथ ही हापुड़ एसपी अभिषेक वर्मा के साथ सेल्फी भी ली।

एसपी अभिषेक वर्मा ने बताया कि जिले में खोए हुए मोबाइल फोन बरामद करने के लिए %एक पहल% अभियान की शुरूआत की जा चुकी है।

एक पहल अभियान के परिणामस्वरूप जनपदीय स्वॉट टीम ने अथक प्रयास कर आम जनता के खोए हुए विभिन्न कंपनियों के करीब 31 लाख 25 हजार रुपये के 125 मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

एसपी ने बताया कि अभियान चलाकर यह फोन बरामद किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि हापुड़ पुलिस ने एक सुविधा शुरू की थी, जिसमें क्यूआर कोड के माध्यम से फोन खोए जाने की सूचना डाल सकते हैं। इस क्यूआर कोड के माध्यम से करीब 105 फोन बरामद किए गए हैं।

पुलिस ने जिन लोगों के मोबाइल फोन चोरी हुए थे उन्हें फोन सौंपे तो उनके चेहरे खिल उठे थे। उन्होंने हापुड़ पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए पुलिस की प्रशंसा की। इसके बाद उन्होंने एसपी अभिषेक वर्मा के साथ सेल्फी भी ली।

वहीं एसपी ने इंस्पेक्टर नजीर अली खां और उनकी टीम को बधाई दी। साथ ही जनता से अपील करते हुए कहा कि फोन खोने पर घर बैठे ही क्यूआर कोड स्कैन कर शिकायत दर्ज कराएं।

# चाचा निकला 16 साल की लड़की का हत्यारा

झांसी। झांसी में 29 दिसंबर को 16 साल की लड़की की न्यूड बॉडी मिली थी। उसकी पत्थर से कूंचकर हत्या की गई थी। इस ब्लाइंड मर्डर का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस के मुताबिक, लड़की की हत्या उसके सौतेले चाचा ने ही की थी। आरोपी की पत्नी छोड़कर चली गई है और वह पोर्न फिल्में देखने का आदी है। 28 दिसंबर की सुबह लड़की को नहाते हुए देख लिया था। इससे उसकी नीयत खराब हो गई। देर शाम लड़की शौच के लिए घर से बाहर गई थी। तभी आरोपी चाचा भी पीछे से पहुंच गया। उसने लड़की के साथ रेप करने की कोशिश की। मगर, लड़की ने उसे झटक दिया। फिर डांटा-फटकारा। इसके साथ ही घरवालों से उसकी शिकायत करने की बात कही। आरोपी को लगा कि उसका भेद खुल जाएगा। इसके बाद ने उसने लड़की गला और मुंह दबा दिया। फिर पत्थर से कूंचकर हत्या कर दी थी। इसके बाद शव को घसीटकर झाड़ियों में फेंक दिया था। फिलहाल, बबीना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# गोरखपुर नगर निगम के 3 बाबू सस्पेंड

## बसपा शासन में हुआ घोटाला अब खुला, आवंटन की फाइलें गायब कर दी गई

गोरखपुर। गोरखपुर नगर निगम में बसपा शासन काल में हुई गड़बड़ी अब पकड़ी गई है। नगर आयुक्त ने बसपा शासनकाल में शहर के 11 गैंट्री गेट, यूनिपोल और बस यात्री शेल्टर के आवंटन से जुड़ी फाइलों के गुम होने पर तीन बाबुओं का निलंबित कर दिया है। इन फाइलों को लेकर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने दो बार पत्राचार भी किया था। इसका संज्ञान लेकर नगर आयुक्त ने अपर नगर आयुक्त निरंकार सिंह से गोपनीय जांच करवाई। मामला सही पाए जाने पर यह कार्रवाई हुई।

### ये कर्मचारी हुए सस्पेंड

जांच में फाइलों के गायब होने पर वरिष्ठ लिपिक देवानंद तिवारी, कनिष्ठ लिपिक मोहम्मद रिजवान एवं नायब मोर्हिर (मुंशी) ज्ञान पांडेय को निलंबित कर दिया गया। दो फर्मों को लाभ देने के लिए बाबुओं की तरफ से गड़बड़ी की गई थी। ऐसे में इन फर्मों पर भी कार्रवाई की जा सकती है।

नगर निगम अफसरों के मुताबिक, महापौर से शिकायत की गई थी कि




मेसर्स सेलवेल मीडिया सर्विस प्राइवेट लिमिटेड एवं मेसर्स सेपर्स इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड को वर्ष 2007 में शहर में आवंटित 11 गैंट्री गेट बस यात्री शेल्टर और यूनिपोल के कार्य में बड़ी गड़बड़ी हुई है। इससे नगर निगम को वित्तीय क्षति होने के साथ नियमों को भी दरकिनार कर निजी लोगों को आर्थिक लाभ पहुंचाया गया है।

### आवंटन की फाइलें ही हो गई गायब

महापौर ने इस संबंध में दो बार निगम प्रशासन से पत्राचार कर इस बाबत जानकारी मांगी, लेकिन जवाब नहीं आया। अंत में उन्होंने नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल से इन दोनों फर्मों से जुड़ी फाइलें उपलब्ध कराने को कहा था। नगर आयुक्त ने अपर नगर आयुक्त को फाइलों की जांच करने और उपलब्ध करवाने के लिए कहा। जांच के दौरान पता चला कि आवंटन की ये फाइलें ही गायब हैं।

### अब होगी पूरे मामले की जांच

नगर निगम सूत्रों के मुताबिक, तीनों से फाइलों की जानकारी ली गई तो उन्होंने गलत पत्राचार भी किया। अंत में अपर नगर आयुक्त ने तीनों के निलंबन की संस्तुति के साथ नगर आयुक्त को पत्र लिखा। फाइलें गायब किए जाने के आरोप में तीनों बाबुओं को निलंबित कर दिया गया। अब माना जा रहा कि पूरे मामले की जांच भी की जाएगी।

### करोड़ों रुपए के आर्थिक नुकसान की आशंका

निगम के सूत्रों के मुताबिक, इसमें करोड़ों रुपये की आर्थिक क्षति की आशंका है। 2021 से 23 तक तो सांठगांठ से इन दोनों फर्मों ने एक भी रुपये नगर निगम में जमा नहीं करवाए थे। एक साइड प्रतिवर्ष दो लाख रुपये की होती है।

# ग्राम पंचायत सौरी में कोटे की दुकान की बवाल होने के कारण प्रक्रिया पूर्ण नहीं सकीं

**हरिनारायण यादव व्यूरो विशाल इंडिया**

गाजीपुर । विकासखंड मनिहारी ग्राम पंचायत सौरी मे पिछले दिनों कोटे के चुनाव में ग्राम पंचायत सचिव सुनील सिंह, नोडल अधिकारी मिथिलेश कुमार ,मुलायम यादव ,संजय सक्सेना ,मनीष आदि के मौजूदगी में चुनाव होने थे गांव के कुछ लोगों द्वारा बवाल हो जाने के कारण कोटे का चुनाव नहीं हो सका जहां चुनाव को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए शादियाबाद थाना, कोतवाली भुड़कुडा एवं नंदगंज थाने की फोर्स मौके पर मौजूद रही फिर भी थाना प्रभारी द्वारा किसी प्रकार का कार्य वाई नहीं किया गया,ग्राम प्रधान अंबिका ने बताया कि सोशल मीडिया पर हमारे खिलाफ झूठी व भ्रामक खबरें चलाई जा रही है जो की निराधार है जबकि जिम्मेदार अधिकारियों के सामने कोटे का चुनाव हो रहा था कुछ लोगों ने बवाल पैदा कर दिया ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी से मांग किया है की कोटे का चुनाव द्वारा कराए जाएं, जिसमें सीता आजीविका स्वयं सहायता समूह सौरी मनिहारी गाज़ीपुर, मां चंडिका आजीविका स्वयं सहायता समूह एवं जय मां सरस्वती आजीविका स्वयं सहायता समूह ने आवेदन किया था मौके पर पुष्पा देवी रीता गीता कुसुम कनौजिया खुशबू रीता सुहागिन चांद मुनि इतवारी कुसुम लाली सरिता रंभा संगीता अनीता शाहिद जरा निर्मला राम बच्चन बिना कुसुंबिंद लालसा गुलाबी बलराम बिंद्रा कनौजिया वीरेंद्र बिना रामपूर्ण सीताबिंद राजू अश्वनी कुमार आदि ग्रामीण मौजूद रहे।



# कोहरे ने थामी ट्रेनों और फ्लाइट की रफ्तार

कानपुर। कोहरे का असर शनिवार को ट्रेन, बस और हवाई सेवाओं पर पड़ा। दिल्ली, मुंबई, दक्षिण भारत रूटों की 54 ट्रेनें कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर पहुंचीं। लेट ट्रेनों में से 17 की डेट बदल गई। इसका मतलब इन ट्रेनों को 29 दिसंबर को आना था, पर कानपुर सेंट्रल पर 30 दिसंबर को आईं। ट्रेनों की लेट लतीफी के चलते 4576 यात्रियों ने टिकट लौटाए तो कनेक्टिंग आरक्षण की वजह से 287 को दूसरी ट्रेनों में सफर की छूट दी गई। इसके अलावा रोडवेज बसों और फ्लाइटों पर भी इसका असर रहा। फ्लाइटें कानपुर एयरपोर्ट से देर से उड़ी। कोहरे की वजह से मेरठ, बुलंदशहर, दिल्ली, आगरा, मथुरा, झांसी, गोरखपुर, सुल्तानपुर, रायबरेली रूटों की 42 बसें सुबह पांच-छह बजे के बजाय दस से ग्यारह बजे तक आई।

# देह व्यापार में लिप्त एक युवती समेत चार अभियुक्त भेजे गये जेल

फर्रुखाबाद ।उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस ने देह व्यापार में लिप्त एक युवती समेत चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेजने की कार्रवाई की । पुलिस प्रवक्ता ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर की सूचना पर उपाधीक्षक प्रदीप सिंह एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हरि श्याम सिंह ने अपने दल बल के साथ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नगला दीना गुजराती वाली गली भोलेपुर में कल शनिवार देर शाम एक किराए के मकान में चल रहे देह व्यापार के अड्डे पर अचानक छापामारी की । प्रवक्ता ने आगे बताया कि पुलिस ने, घटना स्थल से देह व्यापार में प्रयुक्त होने वाली एक मोटरसाइकिल होंडा ड्रीम, दो मोबाइल, दो पैकेट कंडोम,4 खुले हुए



कंडोम, 9200 नगदी आदि सामानों को बरामद किया । इस दौरान पुलिस ने देह व्यापार में लिप्त एक युवती उम्र करीब 22 वर्ष निवासिनी ग्राम अमानावाद थाना कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद के साथ ही फतेहगढ़ कोतवाली के मोहल्ला भूसा मंडी निवासी मुकेश कुमार ( 45) वर्ष व राजेपुर कस्बा एवं थाना निवासी उमंग गुप्ता उर्फ कृष्णा गुप्ता (20) व कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कंधरापुर के निवासी संदीप कुमार चतुर्वेदी (40) वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

# राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन रहे रामगढ चीनी मिल के ओवर लोड गन्ना भरे ट्रक

**विशाल इंडिया/पुनीत मिश्रा**



सीतापुर। एक तरफ तो सरकार जनहित में सुरक्षित यातायात को दृष्टिगत रखते हुए द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मना रही है जिसके लिए सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी जिले के आला अधिकारियों के द्वारा नित नई जानकारी देते हुए सुरक्षित वाहन चलाने के निर्देश दिए जा रहे हैं तो वही जिम्मेदारों के संरक्षण में ओवरलोड वाहनों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है जिसके चलते किसी भी समय भयंकर हादसे का खतरा राहगीरों पर हर समय मड़राया करता है। गन्ना पेराई सत्र आरंभ हो जाने के बाद जिले में जहां-जहां चीनी मिले हैं उन सड़कों पर पूरे जिले में गन्ना लदे ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रालियों सहित ट्रकें सड़क पर फर्राटा भरती हुई नजर आ रहीं है। जिम्मेदार लोग जानबूझकर अनजान बने हुए हैं। सहकारी गन्ना विकास समिति लि0 कमलापुर के अन्तर्गत लगे डालमियां चीनी मिल यूनिट रामगढ के गन्ना क्रय केन्द्रों से समय-समय पर ट्रकों मे ओवर लोड गन्ना भर भरकर ले जाया जा रहा है जब जनपद समेत आस पड़ोस के जनपदों मे गन्ना भरे ओवर लोड ट्रको से आए दिन हादसे हो रहे हैं। उसके बावजूद रामगढ चीनी मिल मैनेजमेंट की शह पर मनबढ़ ट्रक ड्राइवर ट्रक में ओवर लोड गन्ना भरने से बाज नही आ रहे है। ओवर लोड गन्ना भरने के बाद कस्बा कमलापुर मे गन्ना भरे ट्रक एक दूसरे को ओवर टेक करते रहते है इतना ही नहीं मातहतो की लापरवाही का यह आलम है कि ड्राइवर ट्रको मे ओवर लोड गन्ना भरकर लाते है और नेशनल हाइवे लखनऊ दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर खडा कर देते हैं उसके बावजूद भी स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है जिसके चलते मिल मैनेजमेंट के हौसले बुलंद है यदि ऐसा ही चलता रहा तो किसी दिन ओवर लोड गन्ना भरे ट्रकों से कोई बडा हादसा होने से इन्कार नही किया जा सकता।

# चंदौली पुलिस ने गो-तस्कर को पकड़ा

चंदौली। चंदौली के चकिया कोतवाली पुलिस टीम ने जांच के दौरान भभौरा गांव स्थित महाकाल ढाबे के पास से एक संदिग्ध को दबोच लिया। जिसकी शिनाख्त गो तस्करी के मामले में फरार चल रहे आरोपी अमेठी के घाघघार गांव निवासी निवासी विकास मिश्रा के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि गोवंश की खेप को वध के लिए पश्चिम बंगाल पहुंचाता है। लेकिन मुकदमा दर्ज करने के बाद वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। फिल्हाल पुलिस आरोपी के द्वारा बताए गए कुछ अहम जानकारियों पर जांच में जुटी है। आपको बता दें कि चकिया कोतवाल अतुल कुमार अपने सहयोगियों के साथ संदिग्ध लोंगों और वाहनों की जांच में जुटे थे। इसी बीच उन्हें सूचना मिली कि गो तस्करी के मामले में फरार चल रहा आरोपी महाकाल ढाबे के पास मौजूद है। ऐसे में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर एक संदिग्ध को हिरासत में ले लिया।

# संभल में शराब-जुआ-सट्टा बंद करने के लिए महिलाओं का प्रदर्शन

**संभल।** संभल में अवैध रूप से बिक रही शराब, जुआ व सट्टा को बंद करने की मांग को लेकर महिलाओं ने रविवार को चंदौसी सीओ कार्यालय पर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। महिलाओं ने कहा कि नशीले पदार्थ के चक्कर में पड़कर बच्चे और बड़े इसके आदी हो रहे हैं। कुछ कहने पर पति हमारे साथ मारपीट करते हैं। उन्होंने कहा कि इतनी पुलिस होने के बाद भी यह सब क्यों हो रहा है।

मौलागढ़ गांव के मिलक की महिलाएं एकत्र होकर सीओ चंदौसी कार्यालय पर पहुंची। जहां उन्होंने नारेबाजी करते प्रदर्शन किया और खुलेआम गांव में बिक रही शराब बेचने का विरोध किया। महिलाओं ने पुलिस पर अनदेखी करने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बच्चे और बड़े नशे के आदी हो रहे हैं। कई बार इसको लेकर शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। सीओ ने



कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान शकुंतला देवी, आशा, मुन्नी, कुसुम, जानकी, ओमवती, राजवती, लता, सुनीता, चंचल आदि मौजूद रहीं।

### पुलिस की मिलीभगत

सुमन ने कहा कि गांव मौलागढ़ की मेला में खुले आम पुलिस की मिलीभगत से अवैध शराब बिक रही है। आज हम सीओ साहब के पास आए हैं।

गांव में अवैध रूप से बिक रही शराब के अलावा जुए और सट्टे को बंद किया जाए। हम लोग कुछ कहते हैं तो हमारे पति मारपीट करते हैं और कभी जुआ खेलने या शराब पीने के लिए घर का सामान सिलेंडर आदि बेच देते हैं।

### शराब, जुए और सट्टे को बंद किया जाए

कंचन ने कहा कि ज्यादा परेशान होने के बाद हम सब महिलाएं एकत्र होकर यहां पर आए। शराब बेचने वाला कहता है कि हमारी पुलिस से साठगांठ है और कोई हमारा कुछ बिगाड़ नहीं सकता। गांव में शराब की बिक्री, जुए और सट्टे को बंद किया जाए।

## शार्ट न्यूज

### एसपी ने किया कोतवाली तालबेहट का औचक निरीक्षण



ललितपुर। तालबेहट, पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा थाना तालबेहट का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण करते हुए कार्यालय, हवालात, कंप्यूटर कक्ष, महिला हेल्पडेस्क, ड्यूटी रजिस्टर, सीसीटीवी कैमरे, बैरक आदि का निरीक्षण किया गया, तथा सम्पूर्ण थाना परिसर में साफ-सफाई एवं पर्याप्त रोशनी रखने हेतु निर्देशित किया गया। थाना कार्यालय/महिला हेल्प डेस्क के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देश दिये गये। मुकदमों से संबंधित मालो का विधिक निस्तारण एवं सही रखरखाव, शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु प्रभारी निरीक्षक तालबेहट को निर्देशित किया गया। थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब/मादक पदार्थों/पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

### एसपी ने सात पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति पर दी बधाई



ललितपुर। रिजर्व पुलिस लाइन्स सभागार में पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के द्वारा पुलिस सेवा से अधिवर्षता आयु पूर्ण करने पर सेवानिवृत्ति हुए 1. पुलिस उपाधीक्षक कमलेश नारायण पाण्डेय, 2. उ0नि0ना0पु0 ज्ञानेन्द्र प्रकाश, 3. उ0नि0 गणेश शंकर तिवारी 4. उ0नि0 रामकृपाल सिंह 5. उ0नि0 आरमोरर दर्शनलाल 6. मुख्य आरक्षी कल्लूराम 7. जागेश्वर दयाल को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी सदर, प्रतिसार निरीक्षक ललितपुर व सेवानिवृत्त हुये पुलिस कर्मी के परिजन मौजूद रहे ।

### नव वर्ष को लेकर प्रशासन सतर्क



**ललितपुर।** जनपद में नव वर्ष को लेकर प्रशासन सतर्क कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु सदर क्षेत्राधिकारी अभय नारायण राय ने पुलिस बल साथ पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्ति-वस्तु रेलवे स्टेशन होटल व वाहनों की सघन चेकिंग की गयी। पैदल गस्त के दौरान आमजन व व्यापारियों से संवाद कर सुरक्षा का दिलाया गया भरोसा। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में चाक-चौबन्द सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था तथा महिला सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष/ चौकी प्रभारी द्वारा मय पुलिस बल के साथ सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए सायं कालीन पैदल गश्त की जा रही है। पैदल गश्त के दौरान जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रमुख मार्गो, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई तथा अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों, दुकानदारों एवं अव्यवस्थित तरीके से वाहन खड़ा करने वाले लोगों से वार्ता कर शासन की मंशानुरुप उन्हें व्यवस्थित तरीका अपनाने के लिए दिये गए आवश्यक दिशा निर्देश व आमजन को आश्वस्त कराया गया कि जनपद ललितपुर द्वारा पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है।

### ट्रांसपोर्टर मोटर मालिक ड्राइवरों ने पारित किए गए नए कानून के विरोध में किया प्रदर्शन

**विशाल इंडिया/पुनीत मिश्रा**



सीतापुर। अभी केन्द्र सरकार द्वारा मोटर अधिनियम के तहत होने वाली दुर्घटनाओं को लेकर पारित किए गए कानून के विरोध में मोटर मालिकों ट्रक ड्राइवरों व ट्रांसपोर्टरों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए पारित किए गए कानून को वापस लेने की मांग की। केंद्र सरकार द्वारा पारित किए गए कानून के विरोध में ट्रक ड्राइवर ट्रांसपोर्टरों मोटर मालिकों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए काला कानून वापस लो के नारे लगाए। विरोध प्रदर्शन करते हुए ड्राइवरों ने कहा की कोई भी ड्राइवर जानबूझकर अपनी गाड़ी से चींटी भी नहीं मारना चाहता, विडम्बना इस बात की है अगर कहीं दुर्घटना ड्राइवर से अनजाने में हो जाती है तो ड्राइवर को सजा का जो प्राविधान किया गया है बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और अनुचित है ड्राइवरों ने सरकार से मांग की,की ड्राइवरों की समस्या को देखते हुए ड्राइवरों के खिलाफ जो यह काला कानून लाया जा रहा/गया है ।इस काले कानून को वापस लिया जाए। यदि पारित किए गए ऐसे काले कानून को वापस नहीं लिया जाता है तो बाध्य होकर ऐसे काले कानून के विरोध में एक जनवरी से ड्राइवरों की तरफ से चक्का जाम हड़ताल की जाएगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की होगी।

### लखनऊ में टेलर की दुकान में लगी आग

लखनऊ। लखनऊ के आलमबाग थाना क्षेत्र में एक टेलर की दुकान में रविवार सुबह अचानक आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। दुकान से धुआं उठता देख मामले की सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई। मौके पर पहुंची दो दमकल गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग इतनी जबरदस्त थी कि लाखों रुपए के कपड़े जलकर राख हो गया। शुरुआती जांच में आग का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। आलमबाग फायर स्टेशन से मिली जानकारी के मुताबिक अक्षरा क्रियशन 444- बी, पंचमुखी होटल, आदर्श नगर में चंद्रमोहन चड्डा टेलर की दुकान चलाते हैं। वह रोजाना की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे। रविवार सुबह करीब साढ़े छह बजे पड़ोसियों से उन्हें सूचना मिली की दुकान में आग लग गई हैं। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे तो देखा कि दुकान में आग लगी हुई थी। फायर बिग्रेड के लोग आग बुझाने में जुटे हुए थे। आग लगने से दुकान में सिलने के लिए आए कपड़े, मशीन सहित अन्य कीमती सामान जलकर राख हो गया हैं। आलमबाग फायर स्टेशन प्रभारी डीपी सिंह ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच पड़ताल की जा रही हैं। दो दमकल गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है।

# इमरान खान को कोर्ट से मिली बड़ी राहत, जेल में पार्टी नेताओं के साथ चुनावी बैठक की अनुमति

**इस्लामाबाद, , एजेंसी।** इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) के नेताओं और वकीलों को अदियाला जेल जाकर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के साथ आठ फरवरी को होने जा रहे आम चुनाव से संबंधित बैठकें करने की अनुमति दी है। इमरान ने पीटीआइ नेताओं के साथ जेल में चुनाव से पहले रणनीतिक बैठक करने की अनुमति मांगी थी और अदियाला जेल अधीक्षक को विचार-विमर्श गोपनीय रखने का निर्देश देने का अनुरोध किया था।



शुक्रवार की सुनवाई के दौरान पाकिस्तान के अटार्नी जनरल मंसूर उस्मान अवान, खान की पार्टी के वकील और अदियाला जेल के अधीक्षक हाई कोर्ट में उपस्थित हुए। सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद इमरान की याचिका पर जस्टिस मियांगुल हसन औरंगजेब ने उक्त आदेश दिया।

नौ मई हिंसा मामले में आरोपित बनाए गए कुरैशी

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) पार्टी के उपाध्यक्ष एवं पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को पुलिस ने नौ मई हिंसा से संबंधित एक दर्जन विभिन्न मामलों में आरोपित बनाया है। गुरुवार को दंडाधिकारी ने उन्हें दो सप्ताह के लिए अदियाला जेल भेज दिया। पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट से साइफर मामले में जमानत मिलने के बाद कुरैशी रिहा हुए और अदियाला जेल के बाहर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। कुरैशी ने पुलिस पर दुर्व्यवहार और मारपीट करने का आरोप लगाया है।

## अमेरिका के ही इंटरनेट का उपयोग कर रहा था चीन का जासूसी गुब्बारा, ड्रैगन की चालबाजी का अमेरिकी अधिकारी ने किया खुलासा

**वाशिंगटन, , एजेंसी।** चीनी जासूसी गुब्बारे ने साल 2023 की शुरुआत में अमेरिका को पार किया था। अब इस गुब्बारे को लेकर अमेरिका के एक अधिकारी ने खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि इस गुब्बारे ने नेविगेशन और स्थान से संबंधित कई तरह के डेटा को चीन भेजने के लिए एक अमेरिकी इंटरनेट सेवा का उपयोग किया था। समाचार एजेंसी एएनआई ने सीएनएन के हवाले से यह जानकारी दी है।



**अमेरिका ने मार गिराया था जासूसी गुब्बारा:** उन्होंने कहा कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियां इसके कनेक्शन का उपयोग कर ??गुब्बारे के स्थान को ट्रैक करने में सफलता हासिल की थी। वहीं, गुब्बारे को किस कंपनी ने इंटरनेट सेवा दी थी, इसकी जानकारी अभी भी अज्ञात बनी हुई है। मालूम हो कि अमेरिका ने फरवरी में चीनी जासूसी गुब्बारे को सफलतापूर्वक मार गिराया था।

**चीन बताता रहा है मौसम का गुब्बारा:** वहीं, इस मामले पर एफबीआई और राष्ट्रीय खुफिया कार्यालय के निदेशक दोनों ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। इधर, चीन लगातार इसको मौसम का गुब्बारा करार देता रहा है। चीन दावा करता रहा है कि अमेरिका द्वारा मारे गए गुब्बारा किसी भी तरह का कोई भी जासूसी गुब्बारा नहीं था, बल्कि वह एक मौसम का गुब्बारा था, जो अपने रास्ते से भटक गया था।

**अमेरिका में मचा था हड़कंप:** मालूम हो कि अमेरिका में चीनी जासूसी गुब्बारा दिखने की वजह से हड़कंप मच गया था। हालांकि, इसे नष्ट करने की योजना भी बना ली गई थी, लेकिन मलबे की वजह से भारी तबाही का अंदेशा था। ऐसे में इसे तबाह नहीं किया गया था।

## रूस ने पोलैंड के हवाई क्षेत्र का किया उल्लंघन, 3 मिनट तक सीमा में रही रूसी रॉकेट




**वारसॉ, एजेंसी।** पोलैंड ने कहा कि रूस ने उसके हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया है। पोलिश सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के मुताबिक, एक रूसी मिसाइल ने शुक्रवार सुबह नाटो सदस्य के हवाई क्षेत्र में प्रवेश कर गई। यह घटना उस समय हुआ, जब रूस युक्रेन पर अब तक का सबसे घातक हमला कर रहा है। वहीं, रूस द्वारा यूक्रेन पर किए गए इस हमले में 31 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 120 से अधिक लोगों के घायल होने की सूचना है। मालूम हो कि रूस ने शुक्रवार को यूक्रेन पर 122 मिसाइलों और दर्जनों ड्रोन से हमला किया।

**पोलैंड ने रूसी राजनयिक को जारी किया समन:** वहीं, पोलैंड ने अपने हवाई क्षेत्र के उल्लंघन के लिए रूस के राजनयिक को समन जारी कर हवाई क्षेत्र के उल्लंघन के लिए स्पष्टीकरण और ऐसी गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। पोलैंड के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर इस बारे में जानकारी दी है।

**रूसी मिसाइल के रूप में हुई पहचान:** पोलैंड के जनरल स्टाफ ने अपने एक बयान में कहा कि शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार 7.12 बजे यूक्रेन के साथ लगी सीमा की दिशा से एक वस्तु द्वारा पोलिश हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया गया, जो तीन मिनट से भी कम समय के बाद पोलैंड के क्षेत्र से बाहर चली गई। उन्होंने कहा कि हम इसे एक रूसी निर्देशित मिसाइल के रूप में पहचानते हैं। पूरे समय के दौरान मिसाइल के प्रक्षेप पथ को पोलिश और संबद्ध दोनों रडार प्रणालियों द्वारा ट्रैक किया गया था। इस दौरान देश की वायु रक्षा प्रणालियों को अलर्ट पर रखा गया था।

## नए साल की पूर्व संध्या पर होगी कड़ी सुरक्षा, 90 हजार से अधिक पुलिसकर्मी होंगे तैनात

**पेरिस, एजेंसी।** नए साल की पूर्व संध्या पर फ्रांस में कड़ी सुरक्षा होगी और करीब 90,000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। फ्रांस की घरेलू खुफिया एजेंसी के प्रमुख सेलीन बर्थन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। फ्रांस के गृह मंत्री गेराल्ड डर्मानिन के मुताबिक राजधानी पेरिस में करीब छह हजार पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा जहां शॉन्ज-एलिसीज पर समारोह में 15 लाख से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।डर्मानिन ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इजराइल और फलस्तीन में हो रही घटनाओं के मद्देनजर आतंकवादी हमले का बहुत अधिक खतरा है। फ्रांस के गृह मंत्री ने कहा कि पुलिस पहली बार सुरक्षा कार्यों के लिए ड्रोन का उपयोग कर सकेगी तथा हजारों अग्निशामकों और पांच हजार सैनिकों को भी तैनात किया जाएगा। गौरतलब है कि पेरिस 2024 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी भी करेगा।



## इजरायल ने किया नरसंहार, गाजा हमलों के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका ने इंटरनेशनल कोर्ट में घसीटा

**यरूसलम/गाजा, एजेंसी।** इजरायल-हमास जंग का आज 85वां दिन है। इजरायल एक तरफ गाजा पर ताबड़तोड़ हमले कर रहा है तो दूसरी तरफ इजरायल अब कई मोर्चों पर घिरने लगा है। ताजा मामला दक्षिण अफ्रीका का है, जिसने शुक्रवार को गाजा में नरसंहार कृत्यों के लिए इजराइल के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (द्बष्ट्ढ्ढ) में एक मामला दायर किया है। हालांकि, इजरायल ने इसे घृणास्पद बताते हुए खारिज कर दिया है।

एक बयान के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में दायर आवेदन नरसंहार कन्वेंशन के तहत इजरायल द्वारा अपने दायित्वों के कथित उल्लंघन से संबंधित है। इसमें आरोप लगाया गया है कि इजरायल गाजा पट्टी में हमास आतंकियों पर कथित सैन्य ऑपरेशन के नाम पर बेकसूर फिलिस्तानी नागरिकों का नरसंहार कर रहा है। आवेदन में कहा गया है कि इजरायल इस नरसंहार में स्वतंत्र रूप से शामिल है और आगे भी ऐसा करते रहने का उसका इरादा है।

दक्षिण अफ्रीका का यह भी कहना है कि इजरायल गाजा में व्यापक फिलिस्तीनी राष्ट्रीय, नस्लीय और जातीय समूह के हिस्से के रूप में फिलिस्तीनियों को नष्ट करने के लिए अपेक्षित विशिष्ट इरादे से काम कर रहा है।

इसके जवाब में इजरायली विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लियोर हयात ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, इजरायल दक्षिण अफ्रीका के द्बष्ट्ढ्ढ में आवेदन द्वारा रक्त के अपमान के प्रसार के उसके आरोपों को घृणा के साथ खारिज करता है।

बता दें कि 7 अक्टूबर को हमास के आतंकियों ने दक्षिणी इजरायल के एक कस्बे पर हमला बोल दिया था, जिसमें 1200 इजरायली नागरिकों की मौत हो गई थी, जबकि 240 लोगों को हमास ने बंधक बना लिया था। इसके बाद से इजरायल ने हमास के खात्मे के इरादे से गाजा पर हमला बोल दिया। इजरायली हमलों में अब तक 21,500 से ज्यादा फिलिस्तीनी नागरिक मारे जा चुके हैं। इनमें अधिकांश बच्चे और महिलाएं हैं। अमेरिका समेत कई देशों ने संघर्षविराम का आह्वान किया है लेकिन इजरायल इस पर राजी नहीं हो रहा है।

# पाकिस्तान में पोलियो का कहर, कराची-हैदराबाद समेत इन जिलों में मिला वायरस, स्वास्थ्य मंत्रालय का अलर्ट

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान के चार जिलों में पोलियो वायरस का पता चला है। पाकिस्तान के राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा विनियमन और समन्वय मंत्रालय के अनुसार, पाकिस्तान के चार जिलों के पर्यावरण नमूनों में पोलियो वायरस पाया गया है।

**चार जिलों में मिले पोलियो वायरस के लक्षण:** समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, मंत्रालय ने कहा कि दक्षिणी सिंध प्रांत के कराची और हैदराबाद जिले, दक्षिण-पश्चिम के चमन जिले और उत्तर-पश्चिम में स्थित पेशावर के जिलों में चार पर्यावरण नमूनों में पोलियो वायरस पाए गए हैं।

**बच्चों को वायरस से बचाने का एकमात्र तरीका है पोलियो टीकाकरण:** मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान में दुनिया में सबसे व्यापक और संवेदनशील पोलियो निगरानी प्रणाली है और पोलियो वायरस कमजोर इम्यूनिटी वाले बच्चों को जल्दी और आसानी से निशाना बनाता है। इसलिए पोलियो टीकाकरण बच्चों को वायरस और विकलांगता से बचाने का एकमात्र तरीका है।



**स्वास्थ्य मंत्रालय ने की परिवारों से अपील:** स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि माता-पिता को प्रत्येक पोलियो अभियान के दौरान पांच साल से कम उम्र के बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलानी चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, पाकिस्तान अपने पड़ोसी अफगानिस्तान के साथ-साथ दुनिया के दो पोलियो से पीड़ित देशों में से एक है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान में इस साल अब तक पोलियो के छह मामले सामने आए हैं।

## वेस्ट बैंक में मारे गए बच्चों की संख्या चिंताजनक स्तर पर : यूनिसेफ

**यरुशलम, एजेंसी।** मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका के लिए यूनिसेफ के क्षेत्रीय निदेशक एडेल खोदर ने शुक्रवार को कहा कि वेस्ट बैंक में इजरायलियों द्वारा मारे गए बच्चों की संख्या खतरनाक स्तर तक पहुंच रही है। खोदर ने कहा, वर्ष 2023 पूर्वी यरुशलम सहित कब्जे वाले वेस्ट बैंक में बच्चों के लिएर सबसे घातक वर्ष रहा है, इसमें हिंसा अभूतपूर्व स्तर तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि इजरायली सैन्य और कानून प्रवर्तन अभियानों में वृद्धि के बीच पिछले 12 हफ्तों में कम से कम 83 बच्चे मारे गए हैं, जो 2022 में मारे गए बच्चों की संख्या से दोगुने से भी अधिक है।

खोदर ने कहा,576 से अधिक लोग घायल हुए हैं और अन्य को कथित तौर पर हिरासत में लिया गया है। इसके अलावा, वेस्ट बैंक आवाजाही और पहुंच प्रतिबंधों से काफी प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि पूर्वी येरुशलम सहित वेस्ट बैंक में रहने वाले बच्चे कई वर्षों से भीषण हिंसा का सामना कर रहे हैं, फिर भी 7 अक्टूबर के भयानक हमलों के बाद से उस हिंसा की तीव्रता नाटकीय रूप से बढ़ गई है। खोदर कहते हैं, हिंसा में 2023 की शुरुआत से 124 फ़िलिस्तीनी बच्चों और 6 इज़राइली बच्चों की मौत हो गई है।

## गाजा युद्धविराम वार्ता के लिए हमास प्रतिनिधिमंडल मिस्र का करेगा दौरा

**गाजा, एजेंसी।** मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि हमास का एक प्रतिनिधिमंडल हाल ही में पेश किए गए युद्धविराम की मिस्र की योजना के बारे में अपनी टिप्पणी देने के लिए शुक्रवार को मिस्र का दौरा करेगा। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि मिस्र की तीन-चरणीय योजना नवीकरणीय युद्धविराम, इज़राइल में फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में हमास द्वारा रखे गए बंधकों की क्रमिक रिहाई और अंततः संघर्ष को समाप्त करने के लिए युद्धविराम है। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है, यह सभी फिलिस्तीनी गुटों को शामिल करने वाली बातचीत के बाद टेक्नोक्रेट की फिलिस्तीनी सरकार का भी प्रावधान करता है, जो संकट के बाद गाजा पर शासन करने और पुनर्निर्माण के लिए जिम्मेदार होगी। इसमें कहा गया है कि प्रतिनिधिमंडल फिलिस्तीनी गुटों की प्रतिक्रिया देगा, इसमें पूर्ण इजरायली सैन्य वापसी के लिए आदान-प्रदान और गारंटी के विवरण के बारे में कई टिप्पणियां शामिल होंगी।

# दक्षिण अफ्रीका ने इजरायल के खिलाफ आईसीजे में दायर किया मामला, कहा- फलस्तीन में हो रहा बड़े पैमाने पर नरसंहार

**हेग , एजेंसी।** इजरायल और हमास के बीच जारी युद्ध में अब तक 21 हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई है। वहीं, दक्षिण अफ्रीका ने गाजा में किए गए इस नरसंहार के लिए इजरायल के खिलाफ शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में एक मामला शुरू किया। हालांकि, इजरायल ने इसको खारिज कर दिया। एक बयान में कहा गया है कि इजरायल गाजा में फलस्तीनी लोगों का नरसंहार करने में शामिल रहा है और वर्तमान में भी कर रहा है।



**लोगों को मारने के इरादे से काम कर रहा इजरायल:** अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में अपने आवेदन में दक्षिण अफ्रीका ने कहा कि इजरायल फलस्तीनी राष्ट्रीय, नस्लीय और जातीय समूह के हिस्से के रूप में वहां के लोगों को मारने के इरादे से काम कर रहा है। हालांकि, इजरायल ने दक्षिण अफ्रीका द्वारा लगाए गए अपने इन आरोपों को खारिज कर दिया। इजरायली विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लियोर हयात ने कहा कि इजरायल दक्षिण अफ्रीका द्वारा फैलाए गए रक्त अपमान और आईसीजे में इसके आवेदन को सिरे से खारिज करता है।

**अब तक कितने लोगों की हुई मौत?:** गाजा में अब तक के युद्ध में मरने वालों की संख्या 21,507 हो गई है, जबकि घायलों की संख्या 56 हजार तक पहुंच गई है। इजरायल के रक्षा मंत्री योएव गैलेंट ने कहा है कि हमास को नष्ट करने की लड़ाई अब निर्णायक दौर में पहुंच गई है।

# संयुक्त अरब अमीरात में होगा अयोध्या जैसा भव्य मंदिर, बनाने में कितना आया खर्च, उद्घाटन में शामिल होंगे पीएम मोदी

**दुबई एजेंसी।** इस्लामिक देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अयोध्या के राम मंदिर जैसा भव्य मंदिर बनाया जा रहा है। इस मंदिर का उद्घाटन अगले साल 14 फरवरी को किया जाएगा। इस मंदिर के उद्घाटन समारोह में पीएम मोदी को भी शामिल होने के लिए न्योता दिया गया था, जिसे पीएम ने स्वीकार कर लिया है। यूएई की राजधानी अबू धाबी में बन रहा यह अब तक का सबसे बड़ा मंदिर होने वाला है। इसे 55 हजार वर्ग मीटर में बनाया गया है। इस भव्य मंदिर के निर्माण के लिए भारत से कलाकारों को बुलाया गया है। इस मंदिर निर्माण यूएई और भारत की दोस्ती और सद्भाव को एक नई ऊंचाई पर ला देगा। जब पीएम मोदी साल 2015 में यूएई की यात्रा पर गए थे तब से ही इस मंदिर को लेकर काफी चर्चाएं थीं।

**पीएम मोदी ने रखी थी आधारशिला:** मंदिर के उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए संबंध में पीएम मोदी ने गुरुवार को बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्थान (बीएपीएस) का निमंत्रण स्वीकार किया। मंदिर के बारे में खास बात यह है कि अयोध्या के भव्य राम मंदिर की तरह इस मंदिर की आधारशिला भी प्रधानमंत्री मोदी ने ही रखी थी। प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर किसी भी मुस्लिम देश में बनने वाला यह सबसे भव्य और पहला मंदिर होगा। इस संबंध में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अबू धाबी में बनने वाला यह मंदिर पूरे विश्व को भारत की आध्यात्मिक शक्ति का परिचय देगा और विश्व बंधुत्व के भारतीय सिद्धांत को लोगों तक पहुंचाएगा।

**होंगी ऐसी खूबियां:** अबू धाबी में बन रहे इस भव्य मंदिर में 18 फरवरी से जनता को प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि मंदिर का निर्माण अंतिम चरण में है। मंदिर परिसर में एक अतिथि केंद्र, प्रार्थना कक्ष, प्रदर्शनियां, अध्ययन और प्ले एरिया, पार्किंग, उद्यान, एक फूड कोर्ट है। किताबों की दुकान और उपहार की दुकानें होंगी।

**कितना होगा खर्च:** इस मंदिर का निर्माण गुलाबी बलुआ पत्थर से किया गया है, जो एक हजार वर्षों से भी अधिक समय में क्षतिग्रस्त नहीं होगा। इस मंदिर में सफेद संगमरमर का भी प्रयोग किया गया है। मंदिर में सभी धर्मों को प्रवेश की अनुमति होगी। मंदिर परिसर में 8,000 से 10,000 लोग रह सकते हैं। परिसर में आने वालों को दो भव्य फव्वारे नजर आएंगे, जो भारत की गंगा और यमुना नदियों के प्रतीक बताए जा रहे हैं। इस मंदिर के निर्माण में 700 करोड़ रुपये की लागत खर्च हुई है।

# 1 जनवरी को दुनिया की आबादी भी बनाएगी रिकॉर्ड

**वाशिंगटन , एजेंसी।** आने वाले नए साल में दुनिया की आबादी भी एक नया रिकॉर्ड बनाने वाली है। इस साल विश्व की जनसंख्या में लगभग साल 7.5 करोड़ का इजाफा हुआ। नए साल के दिन कुल वैश्विक आबादी के आठ अरब से अधिक हो जाने का अनुमान है। अमेरिकी जनगणना ब्यूरो द्वारा जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। जनगणना ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल दुनिया भर में जनसंख्या की वृद्धि दर एक प्रतिशत से कम रही। वर्ष 2024 की शुरुआत में दुनिया भर में हर सेकंड में 4.3 लोगों का जन्म और दो लोगों की मौत होने का अनुमान है।



**क्या है अमेरिका की आबादी का हाल:** अमेरिका की जनसंख्या की वृद्धि दर पिछले वर्ष 0.53 प्रतिशत थी, जो दुनिया भर की वृद्धि दर से आधी है। अमेरिका की आबादी इस साल 17 लाख बढ़ी और नववर्ष पर इसकी कुल जनसंख्या 33 करोड़ 58 लाख हो जाएगी। ब्रूकिंग्स इंस्टीट्यूशन में जनसांख्यिकी विशेषज्ञ विलियम फ्रे ने कहा कि जनसंख्या में वृद्धि की मौजूदा गति यदि इस दशक के अंत तक बरकरार रही, तो 2020 का दशक जनसंख्या में बढ़ोतरी के लिहाज से अमेरिकी इतिहास में सबसे धीमी गति का दशक हो सकता है और 2020 से 2030 तक 10 साल की अवधि में वृद्धि दर चार प्रतिशत से कम रह सकती है।

1960 के दशक से विश्व जनसंख्या वृद्धि धीमी हो रही है। वैश्विक जनसंख्या को सात अरब से आठ अरब होने में साढ़े 12 साल लग गए। लेकिन जनगणना ब्यूरो का कहना है कि आठ अरब से नौ अरब होने में 14.1 साल लगेंगे और नौ अरब से 10 अरब होने में 16.4 साल लगेंगे, जो 2055 के आसपास हो सकता है।

**भारत ने ली बढ़त:** आबादी के मामले में चीन को पीछे छोड़ते हुए इसी साल भारत दुनिया का सबसे आबादी वाला देश बना था। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के अनुमान के मुताबिक भारत की आबादी 142.86 करोड़ को पार कर गई है। यूएन का अनुमान है कि अगले तीन दशकों में भारत की आबादी बढ़ती रहेगी और उसके बाद इसमें गिरावट आनी शुरू होगी। भारत में साल 2011 के बाद से जनगणना नहीं हुई है और इसलिए उसकी साल 2023 में सटीक आबादी कितनी है यह जानकारी नहीं है।

# केपटाउन टेस्ट में वापसी के लिए रोहित सहित पूरी टीम को करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन




केपटाउन ।

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा को अब 3 जनवरी से मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट में बेहतर बल्लेबाजी करनी होगी। रोहित पहले टेस्ट में रन नहीं बनाये थे। इस मैच में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा था। मेजबान टीम के सामने इस मुकाबले में भारतीय बल्लेबाज असफल रहे थे। दो मैचों की इस सीरीज को बराबरी पर लाने के लिए अब भारतीय टीम को अगला मुकाबला जीतना ही होगा। भारतीय टीम के लिए हालांकि वापसी आसान नहीं रहेगी क्योंकि मेजबान टीम के हौंसले पहले टेस्ट में जीत से बुलंद हैं।

भारतीय टीम को अगर इस मैच में जीत दर्ज करनी है तो कप्तान रोहित के अलावा उनके सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल को भी जिम्मेदारी से खेलना होगा। दोनों को बाहर की गेंद पर ड्राइव करने की जगह छोड़ना पड़ेगा। नई गेंद से विकेट नहीं मिलने से दक्षिण अफ्रीका की टीम को हावी होने का अवसर नहीं मिलेगा।

इसके साथ ही कप्तान रोहित को गेंदबाजों का सही प्रयोग करना होगा। पहले टेस्ट में भारतीय टीम गेंदबाजों का सही इस्तेमाल नहीं कर पाए। उन्होंने लगातार रन दे रहे शार्दुल ठाकुर और प्रसिद्ध कृष्णा को एक साथ गेंदबाजी दे दी। पहले मैच में भारतीय टीम 6 प्रमुख बल्लेबाज और 5 गेंदबाज के साथ उतरी थी। शार्दुल और अश्विन बल्लेबाजी कर सकते हैं प कठिन हालातों में इनफर भरोसा नहीं किया जा सकता है। भारतीय टीम को मेजबान टीम की तरह ही 7 प्रमुख बल्लेबाजों के साथ उतरना पड़ेगा।

इसके साथ ही भारतीय बल्लेबाजों को लंबी पारी खेलनी होगी। पहली पारी में श्रेयस अय्यर तो दूसरी पारी में शुभमन गिल ने जमने के बाद अपने विकेट गंवा दिये थे। वहीं विराट भी पहली पारी में जमने के बाद आउट हुए। भारतीय बल्लेबाजों को दूसरे मैच में इससे बचना पड़ेगा। इसके अलावा मेजबान टीम को भी कम स्कोर पर समेटना होगा।

# दूसरे टेस्ट में होगी भारतीय गेंदबाजों की असली परीक्षा : डोनाल्ड

केपटाउन ।

पूर्व दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज एलेन डोनाल्ड का मानना है कि दूसरे टेस्ट मैच में भारतीय गेंदबाजों की असली परीक्षा होगी। डोनाल्ड ने कहा कि सेंचुरियन में पहले टेस्ट के लिए गेंदबाजों की सहायक पिच पर भी भारतीय खिलाड़ी प्रभाव नहीं छोड़ पाये। ऐसे में अब न्यूलैंड्स में बल्लेबाजों की अनुकूल पिच पर उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना होगा। साथ ही कहा कि इस पिच पर स्पिनरों को सहायता नहीं मिलेगीहोगी। भारतीय टीम को सेंचुरियन में हार का सामना करना पड़ा था। इस पिच पर मिली उछाल का लाभ भारतीय गेंदबाज नहीं उठा पाये थे। डोनाल्ड ने कहा, 'पहले टेस्ट में मेजबान टीम ने हालातों का बेहतर तरीके से लाभ उठाया। उन्होंने कहा, 'लेकिन उन्होंने एक चीज भारत से बेहतर की, वे इस चीज में काफी संयमित रहे और उन्होंने दूसरी पारी में शॉर्ट गेंद का थोड़ा अधिक इस्तेमाल किया। डोनाल्ड के अनुसार भारतीय गेंदबाज चीजें ठीक होने का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'भारत के लिए युवा प्रसिद्ध कृष्णा ने पदार्पण किया था पर वह प्रभावी नहीं रहे। वहीं जसप्रीत बुमराह सहित अन्य भारतीय गेंदबाज काफी जल्दी शॉर्ट गेंद डालने लगे इससे उनकी लेंथ खराब हो गयी। इसी का लाभ दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों ने उठाया। उन्होंने कहा, 'केपटाउन में हालात कठिन होंगे, दोनों टीमें हालांकि काफी ऊर्जा से भरी होगी। उन्होंने कहा, 'आपको केपटाउन में ज्यादा रचनात्मक होना होगा क्योंकि विकेट काफी ज्यादा सपाट है और भागीदारियां बढ़ेंगी जिससे यह काफी मुश्किल टेस्ट होगा। डोनाल्ड ने कहा कि अगर भारत को वापसी करनी है तो उसके गेंदबाजों को नयी गेंद का बेहतर इस्तेमाल करना होगा। उन्होंने कहा, 'सबसे ज्यादा जोर नयी गेंद पर होगा क्योंकि पारंपरिक रूप से अगर न्यूलैंड्स में दक्षिण पश्चिम की हवा बहेगी तो इससे पिच सूख जाएगी। मुझे नहीं लगता कि पिच टर्न होगी। साथ ही कहा कि ये स्पिनरों के लिए नुकसानदेह होगा। ऐसे में भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को शायद ही अंतिम ग्यारह में अवसर मिले।

## दबंग दिल्ली के कोच रामबीर सिंह खोखर ने कहा, 'आशु ने टीम में नवीन की भूमिका निभाई है'

**नोएडा,** दबंग दिल्ली केसी ने अपने स्टार रेडर नवीन के बिना भी शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को नोएडा में यूपी योद्धाज को 35-25 से हरा दिया। नवीन के घुटने की चोट से उबरने के दौरान मैच खेलने के बारे में दबंग दिल्ली केसी के मुख्य कोच रामबीर सिंह खोखर ने कहा, नवीन के बिना खेलना मुश्किल है क्योंकि वह बहुत अच्छे रेडर हैं और हमारे लिए बहुत सारे अंक लाते हैं। हालांकि, आशु ने जिम्मेदारी संभाली है। उनकी भूमिका और रक्षा इकाई के समर्थन ने हमें योद्धाओं को हराने में मदद की। इस बीच, मैच में 11 रेड पॉइंट हासिल करने वाले स्टैंड-इन कैप्टन आशु मलिक ने कहा, हमारे कोच ने मुझसे कहा कि मुझे नवीन की ज़िम्मेदारी लेने की ज़रूरत है क्योंकि वह वहां नहीं थे और मंजीत को मेरी भूमिका निभाने की ज़रूरत थी। सभी ने वास्तव में अच्छा खेला और हमारी रक्षा इकाई ने हमलावरों का शानदार ढंग से समर्थन किया। मलिक ने आगे कहा, हमारी टीम में कई अच्छे रेडर हैं। मीतू शर्मा, मंजीत और मैं हूं। इसके अलावा, हमारी बेंच पर भी अच्छे रेडर हैं। और हर कोई अच्छी फॉर्म में है। जहां दिल्ली की रक्षा इकाई ने योद्धाओं के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया, वहीं डिफेंडर मोहित खेल में टैकल प्वाइंट हासिल नहीं कर सके। मोहित के खेल के बारे में पूछे जाने पर, हेड कोच ने कहा, मोहित ने अपनी भूमिका असाधारण रूप से निभाई। यह केवल टैकल पॉइंट स्कोर करने के बारे में नहीं है। उन्होंने यूपी योद्धाओं के खिलाफ रेडर्स को पकड़ने में डिफेंडरों का समर्थन किया। और वह नियमित रूप से टैकल पॉइंट भी स्कोर कर रहे हैं। उन्होंने पवन सहरावत जैसे शीर्ष रेडर को भी पकड़ा है।

# न्यूजीलैंड ने तीसरे ट्वेंटी20 में बांग्लादेश को हराकर सीरीज में बराबरी हासिल की

माउंट मोनगानुई ।

न्यूजीलैंड ने बारिश से बाधित तीसरे ट्वेंटी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस नियम से 17 रन से हरा दिया। इस मैच में न्यूजीलैंड टीम की जीत में मिशेल सैंटनर और जिम्मी नीशाम की अहम भूमिका रही। इन दोने ने कठिन हालातों के बीच 46 रनों की साझेदारी कर टीम को जीत दिलायी। इस हार के साथ ही बांग्लादेश का न्यूजीलैंड में पहली सीरीज जीतने का सपना भी टूट गया। अब ये सीरीज 1-1 से बराबर पर पहुंच गयी है। इस मैच में बांग्लादेश की टीम कीवी गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पायी और 19.2 ओवर में 110 रन ही बना पायी। कप्तान नजमुल शांटो ने सबसे अधिक 17 रन बनाये। उसके पांच बल्लेबाज ही दो अंकों तक पहुंच पाये। इसके बाद छोटे से लक्ष्य का पीछा करते हुए कीवी टीम की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसका शीर्ष क्रम लड़खड़ा गया। टीम के




पांच विकेट 50 रनों के अंदर ही गिर गये पर इसके बाद जिमी नीशाम ने नाबाद 28 रन और मिशेल सैंटनर ने नाबाद 18 रन बनाकर अपनी टीम को पांच विकेट पर 95 रनों तक पहुंचाया।

इसके बाद बारिश के कारण मैच रुक गया। न्यूजीलैंड को जीत के लिए डकवर्थ लुईस नियम के तहत 14.4 ओवर में 79 रन बनाने थे। इस सीरीज का पहला मैच बांग्लादेश ने जीता था। दूसरा मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया।

## संक्षिप्त समाचार



### नये साल में सबसे ज्यादा 17 टेस्ट खेलेगी इंग्लैंड

**भारतीय टीम को खेलने हैं 15 टेस्ट**

**लंदन ।** भारतीय टीम के लिए साल 2023 कुछ खास नहीं रहा और वह आईसीसी खिताब के करीब आकर भी उसे हासिल नहीं कर पायी। भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के अलावा एकदिवसीय विश्वकप में भी खिताब के करीब आकर भी उसे हासिल नहीं कर पायी। अब नये साल में भारतीय टीम 15 टेस्ट मैच खेलेगी। वहीं अगर आंकड़ों की बात करें तो इंग्लैंड टीम को सबसे ज्यादा 17 टेस्ट मैच साल 2024 में खेलने हैं। दूसरी ओर जिमबाब्वे और आयरलैंड को सबसे कम टेस्ट खेलने हैं। बांग्लादेश की टीम को 14 जबकि न्यूज़ीलैंड को 13 व दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका को 10-10 मैच खेलने हैं। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, अफगानिस्तान,आयरलैंड और जिम्बाब्वे को 9-9 मैच खेलने हैं। भारतीय टीम जनवरी 2025 तक 16 और टेस्ट खेलेगी। इस नये साल में भारतीय टीम की नजरें टी20 विश्वकप पर रहेंगी। टी20 विश्व कप अमरीका और विंडीज धरती पर होना है।

### कमजोर क्षेत्ररक्षण के कारण ऑस्ट्रेलिया से हारे : कोच अमोल मजूमदार




**मुंबई ।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय में हार के लिए टीम के कमजोर क्षेत्ररक्षण को जिम्मेदार बताया है। मजूमदार ने कहा कि टीम को अपना क्षेत्ररक्षण बेहतर करना होगा। भारतीय महिला टीम को इस मैच में हार के साथ ही मेहमान ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ लगातार नौवीं श्रृंखला में हार मिली है। पड़ा। कोच के अनुसार इस मैच में भारतीय टीम ने कमजोर क्षेत्ररक्षण किया। मैच में कई कैच भी छोड़े गये। वहीं अहम बल्लेबाज भी उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया का भारत के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज जीतने का रिकार्ड बरकरार है। मजूमदार ने कहा, 'हम क्षेत्ररक्षण बेहतर करने का प्रयास कर रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस मैच में हमारा क्षेत्ररक्षण निराशाजनक रहा था। उन्होंने कहा, 'हमने मैच में करीब छह कैच छोड़े पर ये खेल में होता है पर अब हम इस कमी को पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं। अगर हमें इस सीरीज के बाद समय मिला तो हम क्षेत्ररक्षण और फिटनेस बेहतर बनाने के प्रयास करेंगे।

# ओलंपिक क्वालीफायर के लिए अभ्यास में लगी है भारतीय महिला हॉकी टीम

## रूपिंदर सिखा रहे पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने का कौशल

बेंगलुरु ।

भारतीय महिला हॉकी नये साल की शुरुआत में होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर की तैयारियों में लगी है। इसके लिए टीम ने दिग्गज ड्रैग फ्लिकर रूपिंदर पाल सिंह की सेवाएं भी ली हैं। ओलंपिक क्वालीफायर रांची में अगले महीने 13 से 19 जनवरी के बीच खेला जाएगा। रुपिंदर अभ्यास सत्र के दौरान टीम को पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने का कौशल सिखा रहे हैं। पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलना भारतीय टीम के लिए मुश्किल रहा है। हाल में एशियाई चैम्पियंस ट्राफी में भी भारतीय टीम की पेनल्टी कॉर्नर को गोल में नहीं बदल पाने की कमजोरी सामने आई थी। इसी के बाद से ही कोच यानेके शॉपमैन ने इस क्षेत्र पर ध्यान देने पर जार दिया था। शीर्ष महिला ड्रैग फ्लिकर गुरजीत कौर ने भी कहा कि इस शिविर से टीम को बेहद लाभ होगा। गुरजीत ने कहा कि हम हर दिन नयी चीजें सीख रहे हैं और सुधार करने वाले कुछ विशेष बातों पर ध्यान लगाकर अपने खेल में और सुधार कर रहे हैं। रूपिंदर ने हमारे



मार्गदर्शन में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि हम आगामी टूर्नामेंट की तैयारियों में लगे हैं और हमें पूरा भरोसा है कि यहां सीखे गये कौशल से हमें खेल में लाभ होगा। रूपिंदर ने कहा कि गुरजीत और दीपिका की सराहना करते हुए कहा कि वह बेहतरीन ड्रैग फ्लिकर हैं। और हर बात को तेजी से सीख लेती हैं।

## टेस्ट में वार्नर का योगदान अहम : चैपल

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर ग्रेग ने सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर की प्रशंसा करते हुए कहा है कि टेस्ट क्रिकेट में उनका योगदान अहम है। चैपल के अनुसार चाहे कोई कुछ भी कहे उनकी बल्लेबाजी शानदार रही है। साथ ही कहा कि हर प्रतियोगिता में उन्होंने जो जुनून, ऊर्जा, व्यावसायिकता और प्रतिस्पर्धात्मकता दिखायी है। उसका कोई जवाब नहीं है क्योंकि लंबे समय तक खेल में निरंतर अच्छा प्रदर्शन करना आसान नहीं है। चैपल ने कहा कि मुझे पता है कि 111 टेस्ट मैचों में उन्होंने जो कुछ किया है उसे करना कितना कठिन है, इसलिए मुझे उम्मीद है कि वार्नर के आलोचक भी उनकी प्रतिभा और योगदान को स्वीकार करेंगे और उनकी मानवीय कमजोरियों को माफ कर देंगे। मुझे उम्मीद है कि सिडनी टेस्ट में वार्नर को सम्मानपूर्वक विदाई मिलेगी। साल 2011 में अपने पदार्पण के बाद से उन्होनें 111 टेस्ट मैचों में 44.6 की औसत से 8695 रन बनाए हैं, जिसमें 26 अर्द्धशतक और 36 अर्धशतक शामिल हैं।चैपल ने कहा कि वॉर्नर शीर्ष क्रम में शानदार खिलाड़ी था क्योंकि वह एक सत्र में ही खेल का रुख मोड़ देता है। साल 2017 में एससीजी में पाकिस्तान के खिलाफ लंच से पहले लगाया गया उनका शतक कौन भूल सकता है। उन्होंने य शतक 78 गेंदों पर लगाया और इस प्रकार वह ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैच के किसी भी दिन लंच से पहले शतक बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। वार्नर ने अपनी जुझारू शैली से अपने सलामी जोड़ीदार के लिए भी हालात आसान बनाये। 70 की स्ट्राइक रेट के साथ ही इस बल्लेबाज ने विरोधी गेंदबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। वहीं, वार्नर की तारीफ करते हुए कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड्स ने कहा कि समय के साथ उसका प्रदर्शन नीचे आया है पर वह हमारा तीनों प्रारूपों का सबसे महान खिलाड़ी बना रहेगा। वह अभी केवल टेस्ट प्रारुप से बाहर हो रहा है। मुझे पता है कि लोग कुछ समय से उसकी आलोचना कर रहे हैं पर हमारे लिए वह बेहद अहम है।

## तीसरे टेस्ट में अयूब को अवसर दे सकती है पाक टीम

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों में हार से निराश पाकिस्तान क्रिकेट टीम अब तीन जनवरी से यहां शुरु हो रहे तीसरे क्रिकेट मैच में युवा सलामी बल्लेबाज सईम अयूब को उतार सकती है। अयूब ने अब तक कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। पाक टीम प्रबंधन अनुभवी सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक की धीमी बल्लेबाजी से संतुष्ट नहीं है, इस कारण उसने अयूब को अवसर देन का फैसला किया है। बाएं हाथ के बल्लेबाज अयूब ने अब तक इस साल आठ टी20 मैच खेले हैं। वहीं उन्होंने प्रथम श्रेणी के केवल 14 मैच ही खेले हैं। पहले दो टेस्ट में टीम लचर बल्लेबाजी से मैच तय समय से पहले ही समाप्त हो गये थे इसी कारण टीम प्रबंध अब एक युवा खिलाड़ी को शामि करने का जोखिम उठाना चाहता है।

# यूनाइटेड कप: जोकोविच ने झांग को हराकर सीज़न की विजयी शुरुआत की

पर्थ,



विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने रविवार को यूनाइटेड कप मिश्रित टीम टेनिस टूर्नामेंट के प्रारंभिक लीग मुकाबले में अपना मैच जीतकर सर्बिया को चीन पर 1-0 की बढ़त दिला दी। पिछले सीज़न के अपने आखिरी मैच में, जोकोविच ने अपने खिताब की रक्षा करने के लिए 2023 एटीपी फाइनल्स के फाइनल में जानिक सिनर को हराया था।

शनिवार को, नए सीज़न के अपने पहले मैच में, एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 ने झांग झिज़ेन को 6-3, 6-2 से हराकर सर्बिया को पर्थ में चीन के साथ ग्रुप मुकाबले में 1-0 की बढ़त दिला दी। जोकोविच अपने खेल के सभी पहलुओं में बहुत मजबूत थे क्योंकि उन्होंने झांग के साथ अपनी पहली एटीपी आमने-सामने की भिड़ंत में 74 मिनट की जीत दर्ज की। जोकोविच ने भीड़ को संबोधित करते हुए कहा, पर्थ में वापस आना बहुत अच्छा है। नया साल कुछ ही घंटों में है, इसलिए मैं वास्तव में यहां कोर्ट पर हमारे साथ नए साल की पूर्वसंध्या मनाने के लिए आने के लिए आपकी सराहना करता हूं। मुझे पर्थ में रहते हुए 10 साल हो गए हैं, और यह मैदान निश्चित रूप से अंदर और बाहर से सबसे अच्छे मैदानों में से एक है, जिसमें मैंने खेला है। जाहिर तौर पर ऑस्ट्रेलिया मेरी खुशी की जगह रही है। वह स्थान जहां मैंने सबसे अधिक स्लैम जीतें हासिल कीं वह मेलबर्न है और मुझे वापस आना अच्छा लगता है। मैं पर्थ में भी खेलने से चूक गया। जोकोविच ने आरएसी एरिना के स्टैंड में सर्बियाई दल को खुश करने के लिए अर्जित सात ब्रेक प्वाइंट में से तीन को भुनाया। 2007 की शुरुआत से सीज़न के शुरुआती मैचों में अब वह 17-1 है। 36 वर्षीय जोकोविच कैलेंडर वर्ष समाप्त होने से पहले एक और मैच खेलेंगे जब वह रविवार शाम को मिश्रित युगल में ओल्गा डेनिलोविच के साथ जोड़ी बनाएंगे। जोकोविच ने मैच के बाद कहा, शुरुआत में मैं थोड़ा अस्थिर था, पहले पांच या छह मैचों में थोड़ा लय से बाहर था, लेकिन यह सामान्य है।जब आप एक महीने से अधिक समय तक कोई आधिकारिक मैच नहीं खेलते हैं, तो जाहिर तौर पर इंजन को चालू करने में थोड़ा समय लगता है और वह अच्छी सर्विस कर रहा था। मुझे लगता है कि सर्विस मेरी तरफ से बहुत अच्छी थी, जब भी मुझे अपने सर्विस गेम्स में 15/15 या 30/30 पर खुद को परेशानी से बाहर निकालने की जरूरत पड़ी, मुझे एक अच्छी सर्विस मिली।

## श्रीलंका ने जिम्बाब्वे दौरे के लिए वानिंदु हसरंगा को बनाया कप्तान

कोलंबो ।

स्पिनर वानिंदु हसरंगा जिम्बाब्वे दौरे में श्रीलंकाई टी20 टीम की कप्तानी करेंगे। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने अपने एक फैसले में हसरंगा को कप्तान बनाये जाने की घोषण की। वहीं एकदिवसीय की कप्तानी दासुन शनाका की जगह पर बल्लेबाज कुसल मेंडिस को दी है। इसके साथ ही चरिथ असलंका को दोनो ही प्रारुपों के लिए उपकप्तान बनाया गया है। हसरंगा अगस्त में लंका प्रीमियर लीग के दौरान चोटिल होने की वजह से एशिया कप और 50 ओवरों में हिस्सा नहीं ले पाए थे पर अब उन्हें वापसी के साथ ही अहम जिम्मेदारी दी गयी है। चयनकर्ताओं के इस फैसले के साथ ही शनाका का श्रीलंका की सफेद गेंद वाली टीम के कप्तान के रूप में दो साल का कार्यकाल समाप्त हो गया। शनाका की चोट के बाद मेंडिस ने ही भारत में हुए विश्व कप के दूसरे मैच से एकदिवसीय टीम की कप्तानी संभाली थी। विश्वकप में हालांकि श्रीलंका का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था और वह नौ मैचों में दो जीत के साथ 10 टीमों में से नौवें स्थान पर रही। उपुल थरंगा की अध्यक्षता में चयन समिति ने जिम्बाब्वे के खिलाफ आगामी एकदिवसीय और टी20 घरेलू सीरीज के लिए प्रारंभिक टीमों का भी चयन किया है। श्रीलंका क्रिकेट ने कहा कि अंतिम टीमों की घोषणा समय आने पर की जाएगी और खिलाड़ियों का चयन प्रारंभिक टीम से किया जाएगा। 6 जनवरी से श्रीलंका की टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज खेलेगी। वहीं टी20 सीरीज की शुरुआथ 14 जनवरी से होगी।



# मैं रणबीर कपूर के साथ काम करना चाहती हूं

बिग बॉस से फेमस हुई शहनाज कौर गिल ने इस साल 2023 में अपने करियर की एक नया अध्याय शुरू किया। उन्होंने इस साल अप्रैल में सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान के साथ बॉलीवुड में कदम रखा। इसके बाद उन्होंने भूमि पेडनेकर, शिबानी बेदी, डॉली सिंह और कुशा कपिला के साथ फिल्म थैंक यू फॉर कमिंग में सक्रीन साझा की। ये दोनों फिल्में भले ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई, लेकिन उन्होंने दोनों से दर्शकों का खूब ध्यान खींचा। हाल ही में उन्होंने अपने करियर को लेकर बात की है। शहनाज कौर गिल ने एक बातचीत में बताया कि 2023 उनके लिए एक महत्वपूर्ण साल रहा है। उन्होंने अपनी आंखें खोलीं और जीवन के प्रति अपना नजरिया बदल दिया है। उन्होंने कहा, मैं अब पूरी तरह से नहीं तो थोड़ा और परिपक्व हो गई हूं। पहले मैं बहुत बचकानी हुआ करती थी। मैं अब कुछ स्थितियों को बेहतर ढंग से संभालना और निपटना जानती हूं। अभिनेत्री ने बताया कि सलमान खान के साथ काम करने के बाद वह उस चेक बॉक्स पर टिक करने का इंतजार कर रही हैं, जो लंबे समय से उनके दिमाग में है। शहनाज ने कहा, मैं सभी सुपरस्टार्स के साथ काम करना चाहती हूं, लेकिन अगर मैंने किसी का सोचा, तो वह रणबीर कपूर होंगे। मैं उनसे व्यक्तिगत रूप से कभी नहीं मिली हूं, लेकिन मैंने उन्हें दूर से कार्यक्रमों में देखा है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अब उन्हें ऑडिशन देने में कोई परेशानी नहीं है। उन्हें पता चल गया है कि यह उस तरह की फिल्में और किरदार पाने का एकमात्र तरीका है, जो वह चाहती हैं। अभिनेत्री ने कहा, मैं बिग बॉस से पहले ऑडिशन के लिए कभी नहीं गई। अब मैं ऑडिशन देने के लिए तैयार हूं। पहले मुझे ऑडिशन की कीमत नहीं पता थी। अब मुझे पता है। शहनाज ने बताया कि वह रिजेक्शन से कैस निपटती हैं। उन्होंने कहा, रिजेक्शन हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है। भले ही मुझे रिजेक्ट कर दिया जाए। मुझे पता है कि मैं इससे बहुत कुछ सीखूंगी। मुझे लगता है कि रिजेक्शन एक व्यक्ति को अनुभव करना चाहिए।

# परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताना नए साल का संकल्प

टेलीविजन शो हप्पू की उलटन पलटन में मुख्य किरदार राजेश सिंह की पत्नी की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री गीतांजलि मिश्रा ने अपने नए साल का संकल्प के बारे में बताया है। एक्ट्रेस इसी साल अगस्त में शो का हिस्सा बनीं और उन्हें दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। उसी के बारे में बात करते हुए गीतांजलि ने कहा, मेरे शो हप्पू की उलटन पलटन की बदौलत मेरा साल बहुत अच्छा गुजरा। जैसा कि मैं 2024 की ओर देख रही हूं, मैं अपने परिवार के साथ अधिक गुणवत्तापूर्ण समय बिताने का संकल्प लेती हूं। मैंने अपने भतीजों से वादा किया कि मैं उन्हें 2024 में विभिन्न स्थानों पर छुट्टियों पर ले जाऊंगी। उन्होंने आगे बताया, उन्होंने पहले ही अपनी पसंदीदा जगहों की सूची साझा कर दी है, इसलिए मुझे नया साल शुरू होते ही इस पर काम शुरू करना होगा। गीतांजलि ने हप्पू की उलटन पलटन में कामना पाठक की जगह राजेश सिंह (रज्जो) का किरदार निभाया। शो के सेट पर उनका जोरदार स्वागत हुआ। राजेश सिंह शो के मुख्य किरदार दरोगा हप्पू सिंह (योगेश त्रिपाठी) की दबंग दुल्हनिया हैं।





# तमन्ना भाटिया ने 2023 में गेम- चेंजिंग ओटीटी डेब्यू के साथ फैंस को किया एंटरटेन

एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने खुद को न सिर्फ एक पैन इंडिया एक्ट्रेस के रूप में बल्कि कॉन्टेंट की ओटीटी क्वीन के रूप में भी स्थापित किया है। साल 2023 में, वह तीन प्रोजेक्ट्स में दिखाई दीं, जिसमें वह तीन अलग तरह के किरदार में नज़र आईं।

जी करदा में लावण्या सिंह- अर्बन रोमांटिक ड्रामा सीरीज़ जी करदा में तमन्ना भाटिया ने लावण्या सिंह का किरदार निभाया। लावण्या, सेल्फ-डिस्कवरी जर्नी पर निकली एक युवा महिला, शादी की बारीकियों से जूझती है। बचपन के सात दोस्तों में सबसे इम्पोर्टेन्ट मेंबर में से एक के रूप में, वह एम्बिशन दिखाती है।

लस्ट स्टोरीज़ 2 में शांति- तमन्ना भाटिया ने विजय की पूर्व पत्नी शांति चौहान का किरदार निभाया है, जो सुजॉय घोष के लस्ट स्टोरीज़ 2 के सेगमेंट में एक दशक से गायब है। शांति को आकर्षक आंखों, फेयर कॉम्प्लेक्शन और ग्रेट फिजिक वाली महिला के रूप में दिखाया गया है। तमन्ना का शांति का किरदार न केवल अट्रैक्टिव है बल्कि वह मिस्ट्री का सटल टच भी देता है।

इंस्पेक्टर आन्या स्वरूप- तमन्ना भाटिया मर्डर मिस्ट्री सीरीज़ आखिरी सच में इंस्पेक्टर आन्या स्वरूप की भूमिका निभाती हैं। आन्या एक पुलिस ऑफिसर है, जो एक ऐसे पेचीदा मामले की जाँच करती है, जहाँ परिवार के 11 सदस्यों की एक साथ मृत्यु हो जाती है। तमन्ना का आन्या का किरदार जटिलताओं को आसानी से सामने लाता है। तमन्ना 2024 आने के साथ, निखिल आडवाणी की हिंदी फिल्म वेदा में जॉन अब्राहम के साथ दर्शकों को एंटरटेन करती दिखाई देंगी, और तमिल फिल्म अरनमनई 4 में मुख्य भूमिका भी निभाएंगी। फैंस इन रिलीजों का बेसब्री से अपनी फेवरेट एक्ट्रेस को नए और वर्सटाइल किरदारों में देखने का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं।



# काजोल ने नेटफ्लिक्स के शो हैनिबल की पॉप्युलर किरदार को निभाने की इच्छा जाहिर की

काजोल बॉलीवुड की चुलबुली और शानदार कलाकारों में से एक गिनी जाती हैं। उन्होंने बॉलीवुड में अपनी एक्टिंग के दम पर काफी खास पहचान बनाई है। बड़े पर्दे पर लीड हीरोइन के ढेर सारे किरदारों को जी चुकीं काजोल ने हाल ही में ओटीटी की दुनिया में कदम बढ़ाया है। काजोल ने वेब सीरीज द ट्रायल में भी जमकर तहलका मचाया और अब साल खत्म होते-होते उनके इस हॉलीवुड वाले खूंखार अंदाज ने बवाल मचा रखा है। काजोल नें ये तस्वीरें इंस्टाग्राम पर खुद शेयर की हैं। काजोल ने सोशल मीडिया पर अपनी लेटेस्ट तस्वीर शेयर कर अपनी दिली इच्छा जाहिर की है। उन्होंने नेटफिलक्स के शो हैनिबल की पॉप्युलर किरदार को निभाने की इच्छा जाहिर की है जो एक खतरनाक विलन का है। अपने दिल की ख्वाहिश जाहिर करने के लिए काजोल ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल किया है। दरअसल काजोल ने शुक्रवार की रात अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपना हैनिबल अवतार दिखाया है। इन तस्वीरों में उन्होंने पूरा ब्लैक आउटफिट पहना है। काजोल ने अपनी ये झलकियां शेयर करते हुए लिखा है- मुझे मेरा ये लुक काफी पसंद आया, मौका मिला तो मैं ये लुक किसी दिन आजमा सकती हूं।

# आमिर खान को लगा है इन चीजों का शौक

बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान के लिए पिछली कुछ फिल्में खास नहीं रहीं। प्रोफेशनल लाइफ से इतर पर्सनल लाइफ को लेकर भी आमिर खान चर्चा में रहे हैं। हालांकि साल 2024 की शुरुआत उनके लिए काफी खूबसूरत होगी। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट की बेटी आइरा खान अपने बॉयफ्रेंड नुपूर शिखरे के साथ शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। लेकिन उससे पहले आमिर खान को कुछ नए शौक लगे हैं जिन्हें लेकर वो खबरों में हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक बेटी की शादी से पहले आमिर खान को मराठी सीखने का शौक लग गया है। इतना ही नहीं अहद्व ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि आमिर खान गायकी में भी हाथ आजमा रहे हैं। गुलाम फिल्म में रानी मुखर्जी के साथ आती क्या खंडाला में जलवा दिखा चुके आमिर खान सिंगिंग की प्रोफेशनल ट्रेनिंग ले रहे हैं। लेकिन क्या यह उनकी बेटी की शादी में की जाने वाली किसी खास परफॉर्मेंस के लिए है या फिर उनकी किसी अपकमिंग फिल्म के लिए यह साफ नहीं है।

## बेटी की शादी से पहले कर रहे खूब मेहनत

जानकारी के मुताबिक आमिर खान हर रोज सिंगिंग क्लास लेने जाते हैं और उन्होंने दिल का एक घंटा इसके लिए फिक्स कर रखा है। घर पर भी वह नियमित रियाज कर रहे हैं ताकि अपनी अपनी स्किल्स बेहतर कर पाएं।





# सफेद एक ऐसी फिल्म है, जिसके बार में कोई कल्पना भी नहीं कर सकता

अभिनेत्री मीरा चोपड़ा इस वक्त अपनी फिल्म सफेद को लेकर चर्चा में हैं। ये फिल्म ओटीटी पर आज से स्ट्रीम होगी। हाल ही में मीरा ने इस फिल्म में काम करने का अपना अनुभव साझा किया। ये फिल्म ट्रांसजेंडर और विधवा की जिंदगी पर आधारित है, जिन्हें समाज में अलग-थलग कर दिया जाता है। फिल्म को लेकर मीरा ने कहा ये फिल्म वास्तविकता दिखाती है और उन्हें इस किस्म का सिनेमा करना बेहद पसंद है। मीरा ने कहा, फिल्म सफेद एक ऐसी फिल्म है, जिसके बार में कोई कल्पना भी नहीं कर सकता है। ये फिल्म बहुत आश्चर्यचकित करती है, क्योंकि इसमें एक ऐसी दुनिया की झलक है, जिसके बारे में शायद ही कोई जानता है और अक्सर हम इसे नजरअंदाज करते हैं। ये एक बेहद खूबसूरत लव स्टोरी है। इसकी शूटिंग बनारस में हुई है। फिल्म की ओटीटी रिलीज को लेकर मीरा ने कहा, मुझे लगता है कि इस तरह की फिल्में ओटीटी पर रिलीज होनी चाहिए। अर्थपूर्ण सिनेमा को समझने और उसे देखने के मामले में ओटीटी का दर्शक वर्ग काफी समझदार है। इस तरह के सिनेमा का हिस्सा बनना मुझे बेहद पसंद है। बता दें कि सफेद में मीरा के अलावा अभय वर्मा भी हैं। ये फिल्म एक ट्रांसजेंडर और एक विधवा की प्रेम कहानी पर आधारित है। फिल्म में दिखाया गया है कि किस तरह सामाजिक उत्पीड़न के शिकार दो लोग एक-दूसरे के साथ सुकून पाते हैं और उनका अकेलापन दूर हो जाता है। बता दें कि इस फिल्म का निर्देशन संदीप सिंह ने किया है। इस फिल्म के जरिए वे निर्देशन में डेब्यू कर रहे हैं। ये फिल्म आज 29 दिसंबर 2023 को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज हो रही है। फिल्म से अलग मीरा इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी सुर्खियों में हैं। हाल ही में खबर आई कि मीरा घर बसाने जा रही हैं। उन्होंने शादी की तैयारियां शुरू कर दी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा ये भी किया गया है कि मीरा अगले साल फरवरी में अपने बॉयफ्रेंड के साथ सात फेरे लेने वाली हैं। दोनों की शादी राजस्थान में होगी।



# मैरी क्रिसमस में काम करना चाहते थे सैफ, डायरेक्टर ने विजय सेतुपति को साइन किया

कटरीना कैफ और विजय सेतुपति स्टारर फिल्म मैरी क्रिसमस का ट्रेलर रिलीज के बाद से ही चर्चा में है। मैरी क्रिसमस के प्रमोशन के दौरान फिल्म के डायरेक्टर श्रीराम राघवन ने एक बड़ा खुलासा किया है। श्रीराम राघवन के मुताबिक इस फिल्म में काम करने के लिए पहले सैफ अली खान ने इच्छा जाहिर की थी। उन्हें स्क्रिप्ट बेहद पसंद आई थी। लेकिन बाद में राघवन का मूड बदल गया, हालांकि उन्हें इस बात का बेहद अफसोस है। डायरेक्टर ने सैफ से इसके लिए माफी भी मांगी थी। मैरी क्रिसमस 12 जनवरी को रिलीज होगी।

## मैरी क्रिसमस को लेकर मैं सचेत रहना चाहता था


इंटरव्यू के दौरान डायरेक्टर ने बताया- मैं शुरू से ही फिल्म की कास्ट को लेकर बहुत सतर्क रहना चाहता था। इसी के चलते मैंने पहले सैफ अली खान से संपर्क किया था। मैंने उन्हें फिल्म की पूरी कहानी सुनाई। एक्टर को कहानी काफी पसंद आई। उन्होंने स्टोरी सुनकर इस रोल में दिलचस्पी दिखाई थी।

## राघवन ने कहा कि बाद में मेरा मूड बदल गया

फिल्म में कुछ नई चीजें जुड़ने के कारण मुझे सैफ को मना करना पड़ा। मुझे बाद में इस बात का बेहद अफसोस हुआ। आपको बता दें सैफ अली खान और श्रीराम राघवन ने एक हसीना थी और एजेंट विनोद जैसी फिल्मों में एक साथ काम किया है। एजेंट विनोद के प्रोड्यूसर सैफ अली खान ही थे। मैरी क्रिसमस एक सस्पेंस थ्रिलर फिल्म है। डायरेक्टर ने फिल्म के लिए बाद में एक्टर विजय सेतुपति को चुना।

## विजय सेतुपति का सिलेक्शन कैसे हुआ

अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए डायरेक्टर ने कहा- मेलबर्न फिल्म फेस्टिवल के दौरान मेरी मुलाकात विजय सेतुपति से हुई थी। ये पहली बार था जब मैं उनसे मिला था। इसी फेस्टिवल में विजय की रोमांटिक फिल्म 96 की स्क्रीनिंग भी की गई थी। उन्होंने कहा कि जब वो मुझसे हिंदी में बात करना शुरू किए, उसी समय मैंने उन्हें अपनी फिल्म के लिए पसंद कर लिया था। मैं समझ गया था कि फिल्म के इस खास रोल के लिए विजय बिल्कुल फिट हैं।





# बड़े बजट की होगी अहान शेट्टी की अपकमिंग फिल्म

एक्टर सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी की पहली फिल्म तड़प फॉक्स मीडिया और नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट द्वारा बनाई गई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्टर की अपकमिंग फिल्म बड़े बजट की होगी। साजिद नाडियाडवाला ने अहान के साथ फोटो शेयर करते हुए लिखा- डियर अहान, आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। अब गिफ्ट खुलने का अगले महीने तक इंतजार नहीं कर सकते हैं। क्योंकि हम इसके लिए बेहद एक्साइटेड हैं। अब जब हम साथ में माइल स्टोन पाने के लिए एक नए सफर पर निकल चुके हैं, तो इसे सेलिब्रेट करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म में अहान के अपोजिट लीड एक्ट्रेस कौन है, ये अब तक तय नहीं हुआ है। इसके अलावा फिल्म का बजट लगभग 75 करोड़ रुपए रखा गया है। हालांकि, अभी मेकर्स ने फिल्म से जुड़ी किसी बात की पुष्टि नहीं की है। अहान शेट्टी ने फिल्म तड़प से अपना बॉलीवुड में डेब्यू किया है। इस एक्शन ड्रामा फिल्म में अहान की एक्टिंग की काफी तारीफ हुई, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई। इस फिल्म में उनके साथ तारा सुतारिया भी लीड रोल में थीं।





स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी,** आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in